हरिभूमि
# सिरसा-फतेहाबाद भूमि
रोहतक, मंगलवार 17 फरवरी 2026

11 चोरी हुए मोबाइल का क्लेम न मिलने पर किया धरना प्रदर्शन



12 रेलवे ओवर ब्रिज को ऊंचा करने के लिए पहुंची टीम तो लोगों ने किया विरोध



## खबर संक्षेप

### गेहूं चोरी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** गोरखपुर से गेहूं चोरी करने और चोरी का सामान खरीदने के मामले में कार्रवाई करते हुए भूना पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। थाना प्रभारी उपनिरीक्षक ओमप्रकाश ने बताया कि 12 फरवरी को मेहर सिंह पुत्र गोकल चंद निवासी गोरखपुर द्वारा पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई गई थी। शिकायत में कहा गया था कि 9 फरवरी की रात उसके प्लॉट से गेहूं के कट्टे चोरी कर लिए गए। शिकायत में यह भी बताया गया कि इससे पहले भी दो बार चोरी की घटना हो चुकी है तथा एक फटा हुआ कट्टा मिलने से आरोपियों के संबंध में सुराग मिला।

### नाबालिगा के अपहरण के मामले में आरोपी पकड़ा

**डबवाली।** पुलिस ने नाबालिगा के अपहरण के मामले में आरोपी अरुण नाथ निवासी मंगाला को काबू किया है। शहर थाना डबवाली प्रभारी देवीलाल ने बताया कि पीड़िता की माता की शिकायत पर अज्ञात व्यक्ति द्वारा उसकी नाबालिग बेटी के अपहरण कर ले जाने के मामले में केस दर्ज कर जांच शुरू की गई थी। जांच के दौरान एएसआई सुखदेव सिंह ने साइबर सेल की सहायता से मामले की तफ्तीश करते हुए नाबालिगा को बरामद कर लिया और लीगल एड काउंसिल के समक्ष बयान करवाकर परिजनों के हवाले कर दिया।

### एसडीएम ने समाधान शिविर में सुनीं समस्याएं

**फतेहाबाद।** लघु सचिवालय के सभागार में सोमवार को आयोजित समाधान शिविर में एसडीएम राजेश कुमार ने आमजन की शिकायतों की सुनवाई की। शिविर के दौरान एसडीएम राजेश कुमार ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे नागरिकों की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर निपटाएं और इसमें किसी भी प्रकार की कोताही न बरतें। एसडीएम राजेश कुमार ने कहा कि बिजली, पेयजल आपूर्ति और सीवरेज से जुड़ी मूलभूत सुविधाओं का समाधान करना प्रशासन की पहली प्राथमिकता है। उन्होंने एक-एक करके सभी परिवादियों की समस्याओं को विस्तार से सुना।

### चाइनीज मांझा बेचने वालों पर कार्रवाई के निर्देश

**सिरसा।** पुलिस अधीक्षक दीपक सहारण ने कहा कि चाइनीज मांझा मानव जीवन, पशु-पक्षियों और पर्यावरण के लिए गंभीर खतरा है। प्रतिबंधित चाइनीज मांझा बेचने, रखने या इस्तेमाल करने वालों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। एसपी ने आम नागरिकों से अपील की कि वे पतंगबाजी के लिए केवल साधारण सूती डोर का ही उपयोग करें और यदि कहीं चाइनीज मांझा का प्रयोग या बिक्री दिखाई दी तो तुरंत पुलिस को सूचना दें। उन्होंने कह कि जन-सुरक्षा, पशु-पक्षियों के संरक्षण एवं पर्यावरण संतुलन को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए हरियाणा सरकार द्वारा चाइनीज मांझा के उत्पादन, बिक्री, आपूर्ति एवं इस्तेमाल पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया दिया है।

# सीबीएसई परीक्षाएं आज से : जिले में 14 केंद्रों पर 7,966 विद्यार्थी देंगे परीक्षा

- कक्षा 10वीं में 4269 तथा कक्षा 12वीं में 3697 विद्यार्थियों का पंजीकरण हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

सीबीएसई की 17 फरवरी से शुरू हो रहीं बोर्ड परीक्षाओं को लेकर फतेहाबाद जिले में तैयारियां फाइनल कर ली गई हैं। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के इस वर्ष जिले के कुल 14 परीक्षा केंद्रों पर कक्षा 10वीं और 12वीं के विद्यार्थियों की परीक्षाएं आयोजित होंगी। जिला शिक्षा अधिकारी के अनुसार कक्षा 10वीं में 4269 तथा कक्षा 12वीं में 3697 विद्यार्थियों का पंजीकरण हुआ है। इस बार जिले में सीबीएसई की परीक्षा देने वाले विद्यार्थियों की संख्या बढ़ी हैं। पिछले वर्ष करीब 3300 हजार विद्यार्थियों ने परीक्षा दी थी। इस हिसाब से इस बार करीब एक हजार अधिक विद्यार्थी परीक्षा में बैठेंगे। परीक्षा प्रक्रिया को सुचारु, पारदर्शी और सुरक्षित बनाने के लिए शिक्षा विभाग एवं केंद्र अधीक्षकों ने आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली हैं। सभी परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा के विशेष इंतजाम किए गए हैं। सीसीटीवी निगरानी, पर्याप्त स्टाफ, बैठने की सुव्यवस्थित व्यवस्था तथा गोपनीयता से संबंधित प्रोटोकॉल लागू किए गए हैं। विद्यार्थियों को समय से केंद्र पर पहुंचने। एडमिट कार्ड और आवश्यक सामग्री साथ रखने तथा बोर्ड द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करने के निर्देश दिए गए हैं।




**फतेहाबाद।** परीक्षा केन्द्र बना क्रेसेंट स्कूल। फोटो : हरिभूमि

### पुलिस की पैनी नजर

*सीबीएसई की कक्षा 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षाओं के मद्देनजर फतेहाबाद पुलिस द्वारा व्यापक सुरक्षा एवं यातायात प्रबंध सुनिश्चित किए गए हैं। परीक्षा अवधि के दौरान जिले के सभी परीक्षा केंद्रों पर कानून-व्यवस्था बनाए रखने हेतु विशेष पुलिस ड्यूटी तैनात की गई है। पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन के निर्देशन में तैयार सुरक्षा योजना के तहत 17 फरवरी से 11 अप्रैल तक तक जिले में बीएनएसएस की धारा 163 लागू की गई है। जिले में कुल 14 परीक्षा केंद्र स्थापित किए गए हैं। प्रत्येक केंद्र पर पर्याप्त पुलिस बल, पीसीआर एवं राइडर टीमें तैनात रहेंगी। साथ ही, नियुक्त पर्यवेक्षण अधिकारी एवं संबंधित थाना प्रभारी परीक्षा केंद्रों का नियमित निरीक्षण करेंगे, ताकि सुरक्षा व्यवस्था में किसी प्रकार की कमी न रहे।*



एसपी सिद्धांत जैन।

### ये रहेंगे 14 परीक्षा केंद्र

सीबीएसई बोर्ड की परीक्षाओं के लिए जिले में बनाए गए 14 परीक्षा केंद्रों में एपेक्स पब्लिक स्कूल, एमएसडी स्प्रिंगबेल्स स्कूल, क्रेसेंट पब्लिक स्कूल, पायनियर कॉन्वेंट स्कूल, स्कॉलर्स कॉन्वेंट स्कूल, डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल फतेहाबाद, डीएवी स्कूल टोहाना, डीएवी स्कूल रतिया, ग्रीन वैली स्कूल टोहाना, मदर इंडिया कॉन्वेंट स्कूल रतिया, अकाल अकादमी रतिया, मदर टेरेसा कॉन्वेंट स्कूल भट्टू, जीएम मेमोरियल स्कूल लहरियां तथा जीएमएसएसएस भूना शामिल हैं। इन सभी केंद्रों पर परीक्षा सामग्री, निरीक्षण दल और प्रशासनिक व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर दी गई हैं।

### बोर्ड की ओर से गाइडलाइन जारी

सीबीएसई की दसवीं व 12वीं कक्षा की वार्षिक परीक्षा 17 फरवरी से शुरू होगी। बोर्ड ने 14 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। परीक्षा केंद्रों पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था रहेगी। परीक्षा को लेकर बोर्ड की तरफ से जारी की गई गाइडलाइन भी जारी की गई है, जिसकी पालना की जाएगी। इस बार बोर्ड ने कई बदलाव भी किए हैं, इसका विद्यार्थियों को फायदा होगा।

*-संगीता बिश्नोई, डीईओ, फतेहाबाद*

## विपक्षी पार्षदों ने चेयरमैन पर भेदभाव का आरोप लगाया

# नप की बैठक में हंगामा, भाजपा जिंदाबाद के नारे से मचा बवाल

- बैठक में पहले से तय एजेंडे पर चर्चा, कांग्रेस पार्षदों ने उठाए विकास कार्यों के मुद्दे
- गोपी राम सैनी और राजेंद्र सरदाना ने बैठक के एजेंडे की पारदर्शिता पर सवाल उठाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

नगर परिषद सिरसा की सोमवार को हुई हाउस मीटिंग में हंगामा हुआ। चेयरमैन वीर शांति स्वरूप की अध्यक्षता में हुई बैठक में भाजपा समर्थित कुछ पार्षदों ने भाजपा जिंदाबाद के नारे लगाए तो विपक्षी पार्टियों से जुड़े पार्षद इस बात को लेकर बिफर गए और नाराजगी जताते हुए चेयरमैन पर भेदभाव के आरोप जड़े। उल्लेखनीय है कि बरनाला रोड स्थित बीएंडआर रेस्ट हाउस में बाद दोपहर शहर के विकास को लेकर विभिन्न एजेंडों पर विचार विमर्श के लिए बैठक शुरू हुई। पूर्व की बैठक में रखे गए एजेंडों पर ही चर्चा की गई। इस दौरान कांग्रेस से जुड़े पार्षदों ने स्टॉर्म वॉटर सहित शहर में उखाड़ी गई गलियों को लेकर सवाल उठाए और पूरा एजेंडा सभी पार्षदों के सामने रखने की मांग की। पार्षद गोपी राम सैनी व राजेंद्र सरदाना ने कहा कि बैठक का एजेंडा पहले नहीं दिया गया और कुछ पार्षदों से तो बाद में हस्ताक्षर करवाए गए। इन पार्षदों का आरोप है कि भाजपा से जुड़े पार्षद भाजपा जिंदाबाद के नारे लगाकर शहर के विकास कार्यों पर होने वाली चर्चाओं को दबाने की कोशिश की ताकि चेयरमैन व इनसे जुड़े पार्षद अपनी जिम्मेदारी से बच जाएं। उन्होंने इस बात का विरोध करते हुए चेयरमैन से कहा कि यह किसी पार्टी की बैठक न होकर शहरवासियों द्वारा विकास व जनसमस्याओं को दूर करने के लिए चुने गए पार्षदों की बैठक है और इसमें केवल शहर के विकास पर चर्चा होनी चाहिए। उधर, चेयरमैन शांति स्वरूप ने कहा कि पार्षदों की सहमति से शहर के विकास को लेकर बैठक हुई है, लेकिन कुछ पार्षद बेवजह हंगामा कर रहे हैं।



सिरसा। नगर परिषद की हाउस मीटिंग में भाग लेते पार्षद। फोटो : हरिभूमि

### दस दिनों में समाधान नहीं हुआ तो डीसी दफ्तर के बाहर बांधेंगे कुत्ते : नथवान

**फतेहाबाद।** जिले में आवारा कुत्तों के बढ़ते हमलों को लेकर ग्रामीणों में रोष गहराता जा रहा है। प्रमुख किसान संगठन पगड़ी संभाल जट्टा ने प्रशासन को दस दिन का अल्टीमेटम देते हुए चेतावनी दी है कि समस्या का समाधान नहीं हुआ तो सैकड़ों कुत्तों को पकड़कर डीसी कार्यालय के बाहर बांधा जाएगा। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष मनदीप नथवान ने कहा कि गांवों में आवारा कुत्तों का आतंक बढ़ता जा रहा है। कुत्ते न केवल बच्चों और बुजुर्गों पर हमला कर रहे हैं, बल्कि दुधारू पशुओं को भी नोचकर घायल कर रहे हैं। इससे ग्रामीणों में भय का माहौल बना हुआ है और आर्थिक नुकसान भी झेलना पड़ रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रशासन को बार-बार शिकायत देने के बावजूद अधिकारी एक-दूसरे पर जिम्मेदारी डालकर पल्ला झाड़ रहे हैं। नथवान ने बताया कि करीब एक माह पूर्व जिला परिषद के सीईओ को लिखित शिकायत देकर समस्या के समाधान की मांग की गई थी, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। किसान नेता ने दो टूक कहा कि यदि दस दिनों के भीतर ठोस कदम नहीं उठाए गए तो किसान संगठन आंदोलन का रास्ता अपनाएगा।

### रखरखाव के नाम पर दी गई राशि की जांच की मांग

# नप के गोद लिए पार्कों के रखरखाव में अनियमितता का लगाया आरोप

*सोशल एंड आरटीआई एक्टिविस्ट राधेश्याम सोनी ने लिखा पत्र*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

नगरपरिषद द्वारा शहर के पार्कों के रखरखाव के लिए इन्हें विभिन्न सामाजिक संस्थाओं को गोद दिया गया है। सोमवार को इसकी सूची जारी होते ही विवाद खड़ा हो गया। शहर के पार्कों को सामाजिक संस्थाओं को गोद देने की प्रक्रिया पर सवाल खड़े हो गए हैं। सोशल एंड आरटीआई एक्टिविस्ट राधेश्याम सोनी ने कार्यकारी अधिकारी, नगर परिषद फतेहाबाद को पत्र लिखकर मांग की है कि पूर्व में पार्कों के रखरखाव के नाम पर दी गई राशि की उच्च स्तरीय जांच करवाई जाए।अपने पत्र में उन्होंने आरोप लगाया है कि नगर परिषद द्वारा कुछ संस्थाओं को प्रतिमाह लगभग एक लाख रुपये तक की राशि पार्कों के रखरखाव के लिए दी जाती रही, लेकिन जमीनी स्तर पर कार्य अत्यंत सीमित दिखाई देता है। सूत्रों के अनुसार कई स्थानों पर केवल एक माली के माध्यम से ही पूरा काम चलाया गया, जबकि पौधरोपण, खाद डालने, नियमित सिंचाई, सफाई और सौंदर्यीकरण जैसे कार्य अपेक्षित स्तर पर नहीं हुए। पत्र में यह भी मांग की गई है कि पूरे मामले की जांच सीएम फ्लाइंग, सीआईडी या एंटी करप्शन ब्यूरो जैसी स्वतंत्र एजेंसियों से करवाई जाए।

#### उठाए सवाल

राधेश्याम सोनी ने जांच के लिए कई बिंदु उठाए हैं, जिनमें प्रमुख हैं कि प्रत्येक पार्क में कितने माली नियुक्त किए गए और उनकी उपस्थिति का रिकॉर्ड क्या है। कितने पौधे लगाए गए और उनका प्रजाति-वार विवरण क्या है। क्या पौधों में नियमित रूप से खाद/उर्वरक डाले गए। संबंधित संस्थाओं को अब तक कुल कितनी राशि जारी की गई और धरातल पर कितना कार्य हुआ। उनकी मांग है कि इन कार्यों का भौतिक सत्यापन कर स्वतंत्र एजेंसी से ऑडिट कराया जाए। इसके अलावा मांग की गई है कि जब तक पूर्व में खर्च की गई राशि का पूर्ण लेखा-जोखा और भौतिक सत्यापन नहीं हो जाता, तब तक नई संस्थाओं को पार्क गोद देने की प्रक्रिया पर रोक लगाई जाए।

## मातू राम कॉलोनी में गुंडागर्दी, कार से टक्कर मारकर दहशत फैलाने के मामले में 3 दबोचे

*आपराधिक तत्वों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत कार्रवाई*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

जिला पुलिस द्वारा असामाजिक और आपराधिक तत्वों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना शहर फतेहाबाद पुलिस ने मातू राम कॉलोनी में हुई गुंडागर्दी और जानलेवा हमले के मामले में दो युवकों को गिरफ्तार किया है। थाना शहर फतेहाबाद प्रभारी निरिक्षक सुरेन्द्रा ने बताया कि इस बारे 5 जनवरी को मातू राम कॉलोनी निवासी अरुण कुमार शर्मा ने शिकायत दर्ज करवाई थी। शिकायत में कहा गया था कि कि आरोपियों द्वारा कार को अत्यंत लापरवाही और तेज रफ्तार से चलाते हुए जानबूझकर उनके घर के बाहर खड़ी मोटरसाइकिल को टक्कर मारी थी। इस घटना में शिकायतकर्ता की गाड़ी को भारी नुकसान पहुंचा था और आरोपियों ने इलाके में जमकर गुंडागर्दी कर दहशत फैलाई थी। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए मामला दर्ज किया और इस मामले में कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को पहले गिरफ्तार किया जा चुका है। अब इस मामले में जांच को आगे बढ़ाते हुए पुलिस टीम ने दो आरोपियों प्रिंस उर्फ बच्ची पुत्र रामकुमार निवासी अग्रवाल कॉलोनी, फतेहाबाद वा सौरभ उर्फ छोटी पुत्र रमेश कुमार निवासी मातुराम कालोनी फतेहाबाद को गिरफ्तार कर लिया है।



**फतेहाबाद।** गुंडागर्दी के आरोप में गिरफ्तार दोनों युवक। *फोटो : हरिभूमि*

### बैजलपुर में तीसरा विशाल खेल मेला आज

**भूना।** स्वर्गीय मास्टर बहादुर सिंह झुंझाड़ की तृतीय पुण्यतिथि पर गांव बैजलपुर में तीसरा विशाल खेल मेला एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। आयोजन को लेकर ग्रामीणों में उत्साह का माहौल है और तैयारियां अंतिम चरण में हैं। कार्यक्रम का शुभारंभ राज्यसभा सांसद सुभाष बराला मुख्य अतिथि के रूप में करेंगे। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष प्रवीण जोड़ा, चंद्र प्रकाश बोस्ती, जिला परिषद अध्यक्ष सुमन खीचड़, हरको बैंक अध्यक्ष वेद फुलां, पंचायत समिति अध्यक्ष महेंद्र सिंह, जिला पार्षद रामनिवास झांझड़ा, गगन गोदारा व जसमेर सिंह विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे।पंचायत मुखिया हेमंत सिंह बैजलपुरिया के अनुसार खेल मेले का उद्देश्य युवाओं को खेलों से जोडक़र सकारात्मक दिशा देना और ग्रामीण संस्कृति को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम के दौरान सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी आकर्षण का केंद्र रहेंगी।

*पुलिस टीम गश्त व चेकिंग के दौरान कार्रवाई, 47 ग्राम हेरोइन बरामद*

## लाखों रुपये की हेरोइन सहित दो तस्कर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

पुलिस ने नशा तस्करों पर कार्रवाई करते हुए जिले क्षेत्र से लाखों रुपये की 47 ग्राम हेरोइन बरामद कर दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। एंटी नारकोटिक्स सेल सिरसा पुलिस टीम प्रभारी इंस्पेक्टर राधेश्याम ने सोमवार को बताया कि पुलिस टीम गश्त व चेकिंग के दौरान सिरसा के नोहरिया बाजार क्षेत्र में मौजूद थी। इसी दौरान सामने से मोटरसाइकिल सवार एक युवक आता हुआ दिखाई जो कि पुलिस को देखकर वापस मुडक़र भागने की कोशिश करने लगा। पुलिस ने शक के आधार पर युवक को काबू कर उसकी तलाशी ली तो उसके कब्जे से 40 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। पकड़े गए तस्कर की पहचान सिरसा निवासी दीपक कुमार के रूप में हुई।

एक अन्य घटना में पुलिस ने नोहरिया बाजार क्षेत्र से ही मोटरसाइकिल सवार युवक सौरभ को सात ग्राम हेरोइन सहित गिरफ्तार किया है। सेल प्रभारी ने बताया कि गिरफ्तार किए गए दोनों आरोपियों के खिलाफ थाना शहर सिरसा में मादक पदार्थ अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर किया गया है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपियों को अदालत में पेश कर पुलिस रिमांड पर लिया जाएगा।



**सिरसा।** पकड़े गए हेरोइन तस्कर। *फोटो : हरिभूमि*

#### मुख्य सप्लायर गिरफ्तार

डिंग थाना पुलिस ने करीब 80 किलोग्राम चूरापोस्त बरामदगी मामले में मुख्य सप्लायर राजस्थान के गोगामेडी निवासी रोहताश को गिरफ्तार किया है। गौरतलब है कि पुलिस ने डिंग थाना क्षेत्र से सडक़ किनारे संदेहजनक हालात में खड़ी कार से लाखों रुपये की 80 किलोग्राम चूरापोस्त बरामद किया था। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ डिंग थाना में मामला दर्ज कर जांच शुरू की। जांच के दौरान पुलिस ने आरोपी रोहताश को राजस्थान के गोगामेड़ी क्षेत्र से गिरफ्तार किया है।

## सरकार की नीतियों के विरोध में कांग्रेस ने राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन



सिरसा। उपयुक्त को ज्ञापन सौंपते कांग्रेस जिलाध्यक्ष।

**सिरसा।** भाजपा की केंद्र तथा राज्य सरकारों की जन विरोधी नीतियों को लेकर कांग्रेस जिलाध्यक्ष संतोष बैनीवाल ने उपायुक्त के माध्यम से महामहिम राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन भेजा। संतोष बैनीवाल ने बताया कि भाजपा की मौजूदा सरकारों की नीतियां स्पष्ट रूप से जनविरोधी हैं तथा देश की गरीब, किसान, बुजुर्ग एवं युवा वर्ग की मूल आवश्यकताओं एवं आकांक्षाओं को कुचलने का कार्य कर रही हैं। भारतीय संविधान की भावना, जो समानता, न्याय एवं जनकल्याण पर आधारित है, इन नीतियों से आहत हो रही है। हमारा यह ज्ञापन मात्र एक विरोध नहीं, अपितु लोकतांत्रिक प्रक्रिया के अंतर्गत सरकार को जागृत करने का एक प्रयास है, ताकि वह जनता की आवाज सुनकर अपनी दिशा सुधारे। बैनीवाल ने कहा कि भारत-अमेरिका ट्रेड डील के संदर्भ में हमारा स्पष्ट मत है कि यह समझोता देश की कृषि अर्थव्यवस्था एवं किसानों के हितों के विरुद्ध है।

### बिजली मोटर के स्टार्टर चोरी के पांच आरोपी दबोचे

**डबवाली।** पुलिस ने गांव गंगा के खेतों से इलेक्ट्रिक मोटर स्टार्टर चोरी के मामले में पांच आरोपियों को काबू किया है। आरोपियों के कब्जे से चोरीशुदा 3 मोटर स्टार्टर व वारदात में प्रयुक्त बाइक भी बरामद की गई है। गोरीवाला चौकी पुलिस प्रभारी जगपाल सिंह ने बताया कि कपिल ने पुलिस को शिकायत दी कि उसका खेत गांव गंगा में अबूबशहर रोड पर है और सुधीर पुत्र हंसराज व सतपाल पुत्र जगदीश के खेत भी उसके खेत के साथ है। 14 फरवरी को उसने खेत में जाकर देखा तो तीनों खेतों के बिजली मोटर स्टार्टर चोरी हुए पाए। शिकायतकर्ता के बयान पर स्टार्टर चोरी होने पर आरोपियों के खिलाफ थाना सदर डबवाली में मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई थी।

**जानकारी** रात 11 बजे के बाद डीजे बजाने पर पूर्ण प्रतिबंध

# शादी समारोह में शराब परोसने से पहले अनुमति जरूरी

- मैरिज पैलेस व होटल संचालकों को विशेष दिशा-निर्देश जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

विवाह एवं अन्य समारोहों के दौरान किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना की रोकथाम हेतु जिला पुलिस द्वारा मैरिज पैलेस व होटल संचालकों को विशेष दिशा-निर्देश जारी किए हैं। गुरुनानकपुरा चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक रमेश ने सोमवार को मैरिज पैलेस एवं होटल संचालकों को निर्देशों बारे जानकारी दी। पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया कि सुरक्षा मानकों की अनुपालना सुनिश्चित करना प्रत्येक संचालक की जिम्मेदारी है और किसी भी प्रकार की लापरवाही पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक रमेश ने बताया कि सभी मैरिज पैलेस एवं होटल परिसर में उच्च गुणवत्ता वाले सीसीटीवी कैमरे लगवाना अनिवार्य होगा। कैमरों की रिकॉर्डिंग कम से कम 6 माह तक सुरक्षित रखी जानी चाहिए, ताकि आवश्यकता पड़ने पर जांच एजेंसियों को सहयोग मिल सके। इसके अतिरिक्त यह भी निर्देशित किया गया कि किसी भी मैरिज पैलेस व होटल परिसर में पेट्रोलियम पदार्थ संग्रहित नहीं किया जाएगा, जिससे आगजनी या दुर्घटना की आशंका को रोका जा सके। बैठक में यह भी स्पष्ट किया गया कि बिना वैध अनुमति के परिसर में शराब का प्रयोग नहीं किया जाएगा। यदि किसी समारोह में शराब परोसी जाती है तो संबंधित विभाग से विधिवत अनुमति प्राप्त करना अनिवार्य होगा। साथ ही रात्रि 11 बजे के बाद डीजे बजाने पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। निर्धारित समय सीमा का उल्लंघन पाए जाने पर संबंधित संचालक के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। इसके अतिरिक्त किसी भी असलाधारक व्यक्ति को समारोह में हथियार सहित प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी।



**फतेहाबाद।** मैरिज पैलेस संचालकों को निर्देशों बारे जानकारी देते चौकी प्रभारी।

#### उल्लंघन करने पर होगी कार्रवाई

यदि किसी कार्यक्रम के दौरान हथियार से फायरिंग की घटना सामने आती है तो संबंधित असलाधारक के साथ-साथ मैरिज पैलेस व होटल संचालक के विरुद्ध भी सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। चौकी प्रभारी ने बताया कि निर्देशों की अवहेलना, विरोध या उल्लंघन करने वाले किसी भी व्यक्ति के खिलाफ नियमानुसार कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। पुलिस प्रशासन ने जिलेभर के सभी संचालकों को इन निर्देशों की कड़ाई से पालना सुनिश्चित करने की सख्त हिदायत दी है।

हरियाणा, छत्तीसगढ़, दिल्ली और मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
haribhoomi.com

हरिभूमि सहेली

रोहतक, मंगलवार
17 फरवरी 2026





वर्किंग वूमेन की घर और ऑफिस की जिम्मेदारियों के बीच बैलेंस की बात खूब होती है। यही समझा जाता है वर्किंग वूमेन की तुलना में हाउस वाइफ की जिंदगी आसान है, जबकि इनकी जिंदगी में भी चैलेंज होते हैं। रोज घर के कामों की लंबी फेहरिस्त, घर के हर सदस्य का ध्यान, रिश्तों का निर्वाह, इन सब के बीच बैलेंस की जरूरत होती है। हम यह क्यों नहीं समझते, हाउस वाइफ को भी 'मी टाइम' चाहिए, जो उसके मेंटल के साथ-साथ फिजिकल हेल्थ के लिए भी बहुत जरूरी है।

# होम लाइफ बैलेंस भी है जरूरी

कवर स्टोरी

**डॉ. मोनिका शर्मा**

बात जब वर्क लाइफ बैलेंस की हो तो कई पहलुओं पर सोचना जरूरी है। वर्किंग वूमेन, घर और वर्किंग रिस्पांसिबिलिटीज की भाग-दौड़ के बीच कैसे अपने लिए समय निकालें? किस तरह खुद को आराम दें? जिंदगी में संतुलन बनाए रखने के लिए कौन से तरीके अपनाएं? जैसी बातों का खूब जिक्र होता है और फिक्र भी। वहीं घर में रहने वाली महिलाओं पर होम लाइफ बैलेंस को लेकर आमतौर पर कोई बात नहीं होती है, जबकि घर पर ही रहकर हर समय भाग-दौड़ में लगी रहने वाली महिलाओं के लिए भी संतुलित दिनचर्या जरूरी है। घर-आंगन तक सिमटी महिलाओं की लाइफ में भी एक बैलेंस होना जरूरी है।

## काम और आराम के बीच संतुलन

हमारे पारिवारिक परिवेश में दफ्तर से लौटी महिला के थकने या व्यस्त रहने की बात तो होती है, लेकिन घर के भीतर भाग-दौड़ में जुटी महिलाओं को लेकर ऐसा कुछ नहीं सोचा जाता। वर्किंग



वूमेन के ट्रैफिक से जूझने, यात्रा कर दफ्तर तक पहुंचने की उलझनों की बात होती है पर होममेकर्स की शारीरिक भाग-दौड़ और ठहरी, सिमटी-सी जिंदगी में बिखरती मनःस्थिति की उपेक्षा ही होती आई है। सुबह से शाम तक अपनों का खयाल रखने की धुरी पर दौड़ती महिलाओं की परेशानियों की ओर किसी का भी ध्यान ही नहीं जाता। जबकि उनके लिए भी आराम और अंतहीन सूची वाले कामों में एक बैलेंस की जरूरत होती है। घर संभालने का दायित्व निभा रही बहू-बेटियां भी थकती हैं। उनकी दिनचर्या भी आसान नहीं होती। हर समय अपनों के लिए कुछ करने को मौजूद रहने वाली अधिकतर स्त्रियां तो रोज घर में सबसे पहले अपने दिन की शुरुआत करती हैं। ऐसे में जरूरी है कि घर के छोटे-बड़े सदस्य हर समय कुछ-न-कुछ करने को कहते रहने के बजाय उनके काम और आराम में संतुलन बनाने में मदद करें। कम से कम यह समझने की गलती तो बिल्कुल न करें कि उनका जीवन बहुत आसान है या दिनभर घर पर रहती हैं तो करती ही क्या हैं? कभी ना खत्म होने वाली एक भागम-भाग उनके भी हिस्से होती है। इसीलिए महिलाओं की होम लाइफ में भी बैलेंस जरूरी है।



### टाइम मैनेजमेंट भी है आवश्यक

**असल में** टारगेट सिर्फ ऑफिस में ही नहीं होते। समय सीमा में काम निपटाने, रसोई में कुछ पकाने, रिश्तेदारी में मेल-मिलाप रखने और आस-पड़ोस में लेन-देन निभाने के भी टारगेट होते हैं। समय के सही मैनेजमेंट के बिना घरेलू जिम्मेदारियों की सूची कभी खत्म नहीं हो सकती। ऐसे में खुद महिलाएं भी अपनी संभाल-देखभाल के लिए समय निकालने का प्रयास करें। बात सेहत और फिटनेस के लिए समय निकालने की हो या किसी सहेली से बैठकर बतियाने की। समय प्रबंधन करके ही अपने लिए वक्त निकाला जा सकता है। होम लाइफ में बैलेंस बनाया जा सकता है। देखने में आता है कि नॉन-वर्किंग महिलाओं की पर्सनल लाइफ कहीं पीछे छूट जाती है। अपने हों या पराए, सभी के लिए बहुत कुछ करते हुए भी वे कुछ न करने वाली भूमिका में दिखती हैं। उनका रोल 'टेकन फॉर ग्रांटेड' वाली स्थिति में आ जाता है। दिनभर भाग-भागकर सब कुछ करते रहना अपनों को आम-सी बात लगती है। ऐसे में अपनी सहजता और सुकून के लिए खुद महिलाओं को ही अपने समय का प्रबंधन करना होगा। वरना मल्टीटास्किंग और एकरसता का यह मेल स्ट्रेस और एंग्जाइटी के घेरे में ले आएगा।

## बाहर की दुनिया से जुड़ाव

जैसे काम-काजी महिलाओं के लिए घर में आराम से समय बिताना भी एक बदलाव होता है। वैसे घर पर रहने वाली स्त्रियों को बाहर जाने से थोड़ा बदलाव महसूस होता है। उनके मन का मौसम बदलता है। आमतौर पर बच्चे, बड़े या जीवनसाथी कोई इस बात को अहमियत नहीं देता। वीकेंड पर घर पर रहने वाले अपने उनकी व्यस्तता और बढ़ा देते हैं। सगे-संबंधियों के यहां किसी कार्यक्रम में जाने के अलावा उनका कहीं और जाना जरूरी नहीं समझा जाता। जबकि महिलाएं रिश्ते-नातेदारी में जाकर भी कोई ना कोई काम करने में ही जुट जाती हैं। ऐसी आउटिंग को फिक्र से दूर मानसिक शांति और मन के बदलाव के लिए समय बिताना नहीं कहा जा सकता। ऐसे में महिलाएं खुद संतुलन की डगर चुनें। अपनी रुचि को भी प्राथमिकता दें।



काम-काजी महिलाओं के समान ही सुबह-सुबह अपने कामों की सूची बनाएं। हर काम की प्राथमिकता तय करें। अपने 'मी टाइम' को लेकर अपनों से स्पष्ट बात करें। हर समय कुछ-न-कुछ करते रहने के बजाय अपनी लिमिट्स भी तय करें। ऐसा करने से ही होम लाइफ बैलेंस बन सकता है। संतुलन की इन परिस्थितियों में आप अपनी हेल्थ और हॉबीज को समय दे सकेंगी। सही शेड्यूल बनाने से टाइम-टु-टाइम ब्रेक लेना भी सहज होगा। यह समय घर के बाहर की दुनिया से जुड़ने और कुछ नया सीखने जैसी स्ट्रेस फ्री एक्टिविटीज में लगाने से, घर और अपने भीतर के मोर्चे पर संतुलन बना रहेगा। ❀

# ऐसे बनाएं खुशहाल दांपत्य जीवन की राह

हर दंपती खुशहाल दांपत्य जीवन की तो कामना करता है, लेकिन छोटी-छोटी बातों पर तकरार, अहंकार की वजह से अपने दांपत्य जीवन में कड़वाहट पैदा कर लेता है। इससे पति-पत्नी के बीच दूरियां बढ़ती हैं। दंपती कैसे तनावमुक्त रहें और खुशहाल दांपत्य जीवन की राह बने, जरूरी सलाह।

सलाह

**स्नेहा सिंह**



शादी के बाद दो लोग सिर्फ एक-दूसरे के जीवन में प्रवेश ही नहीं करते, एक-दूसरे की आदतों, सोच और संस्कारों से भी कहीं ना कहीं प्रभावित होते हैं। विवाह के बाद शुरुआती दिनों में जो बातें प्यारी लगती हैं, वही कुछ दिनों बाद अखरने लगती हैं। इतना ही नहीं बात-बात पर दंपती के बीच तकरार, छोटी-सी असहमति एक बड़ा विवाद का रूप अख्तियार करने लगती है, इससे दूरियां बढ़ती हैं। इन विपरीत स्थितियों में अपने दांपत्य रिश्तों को कैसे सहेजें, इसके लिए किन बातों का ध्यान रखें, जानिए-

**बनाए रखें संवाद:** पति-पत्नी के रिश्ते की बुनियाद आपसी संवाद पर टिकी होती है। लेकिन जब बात करने की जगह चुप्पी ले लेती है तो ऐसे में गलतफहमियां जन्म लेती हैं। अकसर देखा जाता है कि हम अपनी परेशानी बाहर वालों को तो बता देते हैं, लेकिन अपने जीवनसाथी से बात नहीं करते। मन में दबी बातें धीरे-धीरे बड़ी शिकायतें बन जाती हैं, एक दिन विस्फोट के रूप में बाहर आती हैं। इसलिए एक-दूसरे को समझते हुए खुलकर, बिना डरे और आरोप के बात करना रिश्ते को टूटने से बचाता है। इसलिए दांपत्य जीवन में निरंतर संवाद बहुत जरूरी है।



**डगमगाने ना दें विश्वास:** आपसी विश्वास के बिना दांपत्य जीवन सिर्फ एक समझौता बनकर रह जाता है। शक, संदेह और निगरानी का भाव रिश्ते के अपनत्व और गर्माहट को खत्म करता है। मोबाइल की जांच करना, देर से आने पर सवाल-जवाब करना या हर बात पर संदेह करना, ये सब बातें धीरे-धीरे दांपत्य प्रेम को विषाक्त कर देती हैं, तलाक तक की नौबत आ जाती है। भरोसा बनाए रखने के लिए जरूरी है कि पति-पत्नी एक-दूसरे के प्रति ईमानदार रहें, संदेह के बजाय विश्वास बनाए रखें।

**एक-दूसरे को समय दें:** आज के दौर में साथ बैठकर बातें ना करने का सबसे आसान बहाना बन गया है 'बहुत व्यस्त हूं।' माना कि करियर की जिम्मेदारियों के बीच पति-पत्नी एक-दूसरे के लिए समय नहीं निकाल पाते हैं लेकिन दंपती का कभी-कभी साथ बैठकर बातें साझा करना, डिनर-लंच करना या कभी यूं ही टहलने निकल जाना भी जरूरी है। साथ बिताए छोटे-छोटे मिठास भरे पल रिश्ते में जान फूंकते हैं। समय न देना कलह की शुरुआत की वजह बनता है। इसलिए पति-पत्नी एक-दूसरे को यथासंभव समय जरूर दें।

**अहंकार से रहें दूर:** दांपत्य जीवन में अहंकार सबसे खतरनाक दुश्मन है। 'मैं क्यों झुकूं, गलती तो उसकी है।' ऐसी सोच रिश्ते को खोखला कर देती है। समझदारी इसी में है, स्वयं सही होते हुए भी चुप रह जाएं, ताकि रिश्ता बचा रहे। झुकना हार नहीं, बल्कि रिश्ते की जीत है। माफी मांगना और माफ करना, पत्नी-पति दोनों को आना चाहिए। यह दांपत्य जीवन में मधुरता बनाए रखने के लिए जरूरी है।

**गुस्से पर रखें काबू:** गुस्से में बोले गए शब्द कभी-कभी सालों का प्यार पलभर में खत्म कर देते हैं। क्रोध के क्षणों में मौन रहना और बाद में शांत होकर बात करना कहीं ज्यादा प्रभावी होता है। याद रखिए, शब्दों से लगे घाव दिखाई नहीं देते, लेकिन बहुत गहरे होते हैं।

**साथ चलने का नाम है दांपत्य:** दांपत्य जीवन दो लोगों की साझा यात्रा है, जिसमें उतार-चढ़ाव आते रहते हैं। प्रेम, विश्वास, संवाद और धैर्य, इन चार स्तंभों पर टिका होता है दांपत्य रिश्ता, जो हर कलह से बचाता है। जब हम जीवनसाथी को गहराई से समझने लगते हैं, तो दांपत्य जीवन में मधुरता घुलती है, दंपती खुशहाल रहते हैं। ❀

बिहेवियर

**ललिता गोयल**

कई लोग दूसरों के बारे में बहुत जल्दी अपनी राय बना लेते हैं। ऐसा जजमेंटल नेचर आपके पर्सनल-सोशल रिलेशन बनाने में बाधक हो सकता है। इसलिए इससे बचना जरूरी है।

# क्या आपका नेचर है जजमेंटल ऐसे करें खुद में बदलाव

हमारे आस-पास कुछ ऐसे लोग होते हैं, जो किसी भी व्यक्ति या घटना को देखकर बहुत जल्दी अपनी राय बना लेते हैं। वे बिना ज्यादा सोचे-समझे किसी के भी बारे में अपनी राय कायम कर लेते हैं। ऐसे व्यक्ति जजमेंटल नेचर वाले होते हैं। ऐसे लोग अकसर दूसरे में कमियां खोजते रहते हैं।

**ऐसे होती है पहचान:** आपके आस-पास का कोई व्यक्ति जजमेंटल नेचर का है, इसे आप उसके कुछ बर्तावों से पहचान सकती हैं।

- ऐसे लोग खुद को बहुत अहमियत देते हैं और सामने वाले को छोटा समझते हैं।
- खुद को समझदार और हर विषय का जानकार मानते हैं।
- ये लोग अपनी सलाह खुद देने लगते हैं और दूसरों को अपनी सलाह को मानने के लिए बाध्य भी करते हैं।
- जजमेंटल नेचर वाले लोगों का व्यवहार थोड़ा जिद्दी होता है और वे हमेशा दूसरों से आगे निकलने की चाह में रहते हैं।
- वे अपनी राय को सर्वोपरि मानकर दूसरों की राय को महत्व नहीं देते हैं।
- ऐसे लोग बातचीत के दौरान अकसर तेज आवाज में बोलते हैं।
- ये लोगों को हमेशा 'अच्छे' या 'बुरे' के तराजू में तौलते रहते हैं और अपने आप को सही साबित करने के लिए दूसरों की निंदा और कमियां खोजने से भी नहीं हिचकिचाते हैं।
- ऐसे लोग दूसरों की तारीफ करने या उन्हें प्रोत्साहित करने से बचते हैं।
- ऐसे लोग नकारात्मक सोच के होते हैं।



**ऐसे बर्ताव से खुद को बचाएं:** अगर आपको उक्त में से कोई बर्ताव खुद में नजर आता है तो आप कुछ बातों पर अमल करके इसमें सुधार कर सकती हैं। जजमेंटल होने से बच सकती हैं।

**पूरे नेचर को परखें:** कभी-कभी लोग कुछ ऐसा कर जाते हैं, जिसे आप सही नहीं समझते, जैसे किसी के लंच में से उठाकर खा लेना या फिर बाजार में खूब मोलभाव करना। ऐसे में जरूरी है, कि उन्हें उनके बर्ताव के हिसाब से न जज किया जाए। हो सकता है कि उनमें ऐसी कई पॉजिटिव क्वालिटीज भी हों, जिन्हें आपने अभी तक देखा ही नहीं हो। इसलिए किसी डिसीजन पर पहुंचने से पहले पूरी तरह परख लें।

**खुद को सामने वाले की जगह पर रखकर देखें:** हर इंसान की स्किल्स, नेचर, उनकी जिंदगी के अनुभवों, रहन-सहन के अनुसार होता है। उनकी पर्सनालिटी में उनके साथ किया हुआ बर्ताव, उनकी परिस्थितियां काफी अहम भूमिका अदा करती हैं। इसलिए किसी इंसान को अच्छे से जाने बिना उनके बारे में राय न बनाएं।



**अपीयरेंस से न जज करें:** हर इंसान अपनी पसंद कंफर्ट के अनुसार तैयार होता है। इस आधार पर उनकी पर्सनालिटी के बारे में जज करना सही नहीं होता। अगर किसी ने टैटू बनवाए हुए हैं तो उसके बारे में यह राय बनाना कि वो गंभीर व्यक्ति नहीं हो सकता, सही नहीं है। इस सोच से उबरना चाहिए।

**राय बनाने से पहले लें कुछ वक्त:** किसी भी इंसान से सिर्फ 5 मिनट बात करने के बाद उसके बारे में कोई राय बना लेना सही नहीं होता, क्योंकि इतने कम समय में कोई किसी के भी बारे में सब कुछ कैसे जान सकता है। किसी भी इंसान के बारे में अपनी तरफ से राय बनाने से पहले, आपको उनके बारे में सब कुछ जानने की कोशिश करनी चाहिए। किसी के बारे में कोई भी राय बनाने से पहले एक-दूसरे को अच्छी तरह जानने-समझने का मौका दें, नहीं तो सामने वाला भी आपके बारे में ज्यादा कुछ नहीं जान पाएगा और एक अच्छा रिश्ता बनाने से चूक सकते हैं। ❀

स्किन केयर

**प्रीति गुप्ता**

# जैसी हो स्किन-वैसी करें केयर

आपकी स्किन हमेशा सॉफ्ट और ग्लोइंग नजर आए, इसके लिए आपको पहले इसके नेचर को समझना होगा। इसके अनुसार जब आप अपनी स्किन केयर करेंगी तो वो हमेशा ग्लोइंग नजर आएगी। यहां आपको बता रहे हैं कि ड्राय और ऑयली स्किन वाली महिलाएं उनकी केयर कैसे कर सकती हैं?

**ड्राय स्किन के लिए:** अगर आपकी स्किन ड्राय नेचर की है तो आपको यहां बताई जा रही बातों को ध्यान में रखना चाहिए।

- स्किन क्लीनिंग के लिए हमेशा माइल्ड क्लींजर का इस्तेमाल करें।
- हर रोज दिन में कम से कम दो बार क्रीम-बेस्ड या हाइड्रेटिंग फेस वॉश से चेहरा साफ करें।
- नहाने के तुरंत बाद मॉयश्चराइजर या कोई जैल क्रीम लगाएं, ताकि स्किन में नमी बनी रहे।
- गुनगुने पानी से ही चेहरा धोएं। बहुत गर्म पानी का इस्तेमाल करने से स्किन की ड्रायनेस बढ़ जाती है।
- हफ्ते में कम से कम एक-दो बार स्क्रब करना न भूलें। स्क्रबिंग करने से डेड स्किन हटती है, चेहरे पर नया ग्लो नजर आता है। लेकिन ध्यान रखें कि स्क्रबिंग ज्यादा न करें।
- फेस क्लीनिंग और स्क्रबिंग के बाद होममेड फेस पैक अप्लाई कर सकती हैं। आप अपनी पसंद या चीजों की उपलब्धता के अनुसार दूध और शहद का फेस पैक अप्लाई कर सकती हैं। या फिर एलोवेरा जैल और नारियल तेल को मिलाकर भी फेस पैक बनाकर अप्लाई कर सकती हैं।



- जब भी दिन के समय घर से बाहर निकलें तो सनस्क्रीन लगाना न भूलें। ड्राय स्किन के लिए क्रीम-बेस्ड एसपीएफ 30 या उससे ऊपर का सनस्क्रीन इस्तेमाल कर सकती हैं।

**ऑयली स्किन के लिए:** अगर आपकी स्किन ऑयली है तो इसकी केयर करते समय कुछ बातों का ध्यान रखना चाहिए।

- फेस धोने के लिए जैल-बेस्ड फेस वॉश का यूज करें।
- दिन में 2-3 बार ऑयल कंट्रोल फेस वॉश से भी चेहरा धोएं। इससे स्किन पर नजर आने वाला एक्स्ट्रा ऑयल हट जाएगा और फेस फ्रेश नजर आएगा।
- स्किन ऑयली है तो मॉयश्चराइजर लगाना जरूरी नहीं, यह सोच गलत है। मॉयश्चराइजर न लगाने से स्किन और ज्यादा ऑयली हो सकती है। इसलिए ऑयल फ्री मॉयश्चराइजर जरूर लगाएं।
- चेहरे को बार-बार न छुएं। इससे पिंपल्स और फेस स्किन ऑयल बढ़ता है।
- आपकी स्किन ऑयली है फिर भी हफ्ते में कम से कम दो बार स्क्रब जरूर करें।
- ऑयली स्किन वाली महिलाओं को भी सनस्क्रीन अप्लाई करना चाहिए।
- सोने से पहले मेकअप जरूर हटा लें। ❀

**(स्किन केयर एक्सपर्ट काजल शर्मा से बातचीत पर आधारित)**

मेडिकल एडवाइस


**डॉ. रवींद्र गुप्ता**
सीनियर कंसल्टेंट फिजीशियन
सी.के. बिड़ला हॉस्पिटल, गुरुग्राम

इन दिनों के बदलते मौसम में जरा सी लापरवाही से आप बीमार हो सकती हैं। इससे बचाव के लिए आपको अपनी हेल्थ की एक्स्ट्रा केयर करनी चाहिए। इस बारे में एक्सपर्ट डॉक्टर डिटेल में बता रहे हैं।

# इस मौसम में हेल्थ की करें एक्स्ट्रा केयर

इन दिनों मौसम का मिजाज बदल रहा है। दोपहर के वक्त तेज धूप खिली होती है और दिन का तापमान लगभग 25 डिग्री सेल्सियस तक होता है। वहीं शाम ढलते ही ठंडी हवाएं चलने लगती हैं और रात का तापमान 10-12 डिग्री तक पहुंच जाता है। इस दौरान अधिकतर लोग अपनी सेहत की देखभाल के प्रति लापरवाह हो जाते हैं। इससे उन्हें स्वास्थ्य संबंधी कई समस्याएं होने लगती हैं। आइए जानते हैं, कुछ ऐसी ही समस्याओं और उनके समाधान के बारे में।

**पोलेन एलर्जी:** फरवरी के महीने में वसंत ऋतु का आगमन हो जाता है और आस-पास के वातावरण में चारों ओर रंग-बिरंगे फूल खिले होते हैं। लेकिन इस दौरान हवा में चारों ओर इन फूलों के पोलेन यानी परागकण उड़ रहे होते हैं। इससे कुछ लोगों को एलर्जी हो जाती है। इस वजह से छींकें आने लगती हैं या सांस लेने में परेशानी होने जैसे लक्षण नजर आते हैं। इस समस्या से बचाव के लिए घर से बाहर निकलते समय आपको मास्क जरूर पहनना चाहिए।



**सर्दी-खांसी-जुकाम:** दिन का तापमान बढ़ने की वजह से लोग इस मौसम में गर्म कपड़े पहनना कम कर देते हैं, ठंडे पानी और आइसक्रीम जैसी ठंडी चीजों का सेवन शुरू कर देते हैं। ऐसी लापरवाही के कारण उन्हें सर्दी, जुकाम और खांसी जैसी समस्याएं परेशान कर सकती हैं। इससे बचाव के लिए सुबह-शाम गर्म कपड़े जरूर पहनें, घर से बाहर निकलते समय सिर और कान ढंककर रखें। गले के इंफेक्शन से बचाव के लिए नमक मिले गुनगुने पानी से गरारे करें। अदरक, तुलसी वाली चाय पिएं और नहाने के लिए अभी भी ठंडे के बजाय हल्के गरम पानी का ही इस्तेमाल करें।

**कमजोर इम्यूनिटी से होती हैं कई समस्याएं:** बदलते मौसम में वायरस और बैक्टीरिया तेजी से सक्रिय हो जाते हैं और जिन लोगों का इम्यून सिस्टम कमजोर होता है, उनके शरीर पर ऐसे वायरस आसानी से हमला कर देते हैं, जिससे उन्हें बुखार जैसी समस्या हो सकती है। इससे बचाव के लिए अपनी डाइट में संतरा, सेब, मौसंबी, अनार, अमरूद और अंगूर जैसे रंग-बिरंगे मौसमी फलों को प्रमुखता से शामिल करें। इनमें मौजूद विटामिन-सी और एंटीऑक्सीडेंट तत्व रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाते हैं, इससे आपका शरीर संक्रमण से सुरक्षित रहेगा।

**हड्डियों-जोड़ों में दर्द:** इस बदलते मौसम में अकसर तेज ठंडी हवाएं चलती हैं, जिससे कुछ लोगों (खासतौर पर पचास से अधिक उम्र के लोगों) को हाथ-पैरों के जोड़ों और हड्डियों में दर्द की समस्या परेशान करती है। जिन्हें पहले से ऑस्टियोपोरोसिस या आर्थराइटिस हो, उन्हें इस मौसम में विशेष सावधानी बरतनी चाहिए। जोड़ों को दर्द से बचाने के लिए नी कैप पहनें, गुनगुने तेल की मालिश करें, नियमित वॉक और हल्की-फुल्की एक्सरसाइज भी दर्द से राहत दिलाने में मददगार होती है।



**त्वचा संबंधी समस्याएं:** बदलते मौसम में तेजी से चलने वाली शुष्क हवाओं के कारण अकसर महिलाओं की त्वचा बहुत ज्यादा रूखी हो जाती है। इससे उन्हें खुजली और रैशेज जैसी समस्याएं परेशान करती हैं। इनसे बचाव के लिए नहाने के बाद पूरे शरीर पर नारियल के तेल या मॉयश्चराइजर से मालिश करें। ❀

**प्रस्तुति: विनीता कुमारी**

## खबर संक्षेप

### 2 अप्रैल तक अदा करें बकाया स्टांप व रजिस्ट्रेशन फीस

**ऐलनाबाद।** एसडीएम पारस भागोरिया ने बताया कि स्टाम्प एक्ट 47ए के कई केसों में तहत खरीददारों द्वारा स्टाम्प फीस और रजिस्ट्रेशन फीस कम अदा की गई है। ऐसे संबंधित खरीददार 2 अप्रैल तक न्यायालय कलेक्टर, ऐलनाबाद में उपस्थित होकर कमी स्टांप ड्यूटी जमा करवाएं। निर्धारित तिथि के बाद एकतरफा कार्रवाई अमल में लाई जाएगी, जिसकी जिम्मेदारी संबंधित खरीददारों की स्वयं की होगी।

### खाटू धाम के लिए 31 श्रद्धालुओं का जत्था रवाना

**सिरसा।** अनाज मंडी स्थित श्री श्याम बगीची धाम से श्री श्याम बगीची पैदल यात्रा संघ की ओर से 6वीं पैदल रथ यात्रा संघ के प्रधान पवन गर्ग के नेतृत्व में 31 श्रद्धालुओं का जत्था खाटू धाम राजस्थान के लिए रवाना हुआ। श्याम बगीची के मुख्य सेवक पवन गर्ग ने बताया कि सिरसा से चलकर रास्ते में विभिन्न जगहों पर पड़ाव डालते हुए 25 फरवरी को खाटू धाम पहुंचेंगे। पैदल जाने वाले जत्थे में पवन गर्ग, राजेंद्र गनेरीवाला, अशोक खट्टर, धर्मपाल कोचर, शिविल, पवन कुमार मुनीम, राजेश बैनीवाल, परमीत सेठी, रवि लांबा, साहिल, सोनू, सुनील कुमार, कुलदीप कुमार, रूपाराम सहित 31 श्यामप्रेमी शामिल थे।

### सड़क हादसे में भाई-बहन सहित दादा घायल

**सिरसा।** निकटवर्ती गांव रंगड़ी के समीप बीती देर रात शादी से लौट रहे मोटरसाइकिल को कार ने टक्कर मार दी। हादसे में युवती सहित तीन लोग घायल हो गए। पुलिस को दी शिकायत में गांव धिगतानिया के अमित कुमार ने बताया कि उसकी गांव में किरयाना की दुकान है। उसके चाचा की बेटी की शादी में उसका परिवार शामिल होने के लिए आए हुए थे। रात को शादी के बाद वह अपने बाइक पर सवार होकर तापिस मैरिज पैलेस से रंगड़ी से होते हुए घर की ओर आ रहे थे। उसके साथ मोटरसाइकिल पर दादा कश्मीरी लाल व चाचा की लडक़ी कुसुम भी सवार थी। रास्ते में सामने से आ रहे सफेद रंग की गाड़ी ड्राइवर उसके बाइक में टक्कर मार दी और मौके से फरार हो गया। राहगीरों ने तीनों घायलों को शाह सतनाम अस्पताल में दाखिल करवाया।

### सीडीएलयू में बर्ड काउंट का आयोजन

**सिरसा।** चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय के प्राणीशास्त्र विज्ञान विभाग ने बर्ड काउंट इंडिया और ई-बर्ड इंडिया के सहयोग से अपने दूसरे कैंपस बर्ड काउंट का आयोजन किया। यह पहल परिसर में पक्षियों की विविधता को समझने और उनके संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए की गई। कार्यक्रम के दौरान विभाग के फैकल्टी सदस्य डॉ. हरकृष्ण कंबोज, सुखमीत सिंह और मिस निष्ठा भारती ने विशेष रूप से भाग लिया और छात्रों को बर्ड वाचिंग (पक्षियों को निहारने), बर्डिंग गतिविधियों और नागरिक विज्ञान पहल के बारे में प्रशिक्षित किया। उन्होंने छात्रों को पक्षियों की पहचान करने और ई-बर्ड प्लेटफॉर्म पर उनके डेटा को दर्ज करने के तकनीकी पहलुओं के बारे में भी बताया।

### बजाज फाइनेंस कार्यालय के बाहर जताया रोष

# चोरी हुए मोबाइल का क्लेम न मिलने पर किया धरना प्रदर्शन



**भूना।** बजाज फाइनेंस कंपनी के कार्यालय के बाहर धरना देकर विरोध प्रदर्शन करते हुए लोग।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भूना

पगड़ी संभाल जट्टा किसान संगठन ने सोमवार को बजाज फाइनेंस कंपनी के कार्यालय के बाहर एक दिवसीय सांकेतिक धरना देकर विरोध प्रदर्शन किया। धरने की अध्यक्षता संगठन के ब्लॉक प्रधान कमल सिंह ने की, जबकि मंच संचालन मोचीवाली के कुलदीप बेनीवाल ने किया। प्रदर्शनकारियों ने बताया कि गांव दिगोह निवासी सुखविंदर पंडाल ने करीब 10 महीने पहले उकलाना रोड स्थित चॉइस मोबाइल से बजाज फाइनेंस के माध्यम से आईफोन 16 खरीदा था। 25 जनवरी को सफर के दौरान उनका मोबाइल चोरी हो गया। घटना की शिकायत पुलिस में दर्ज करवाई गई तथा बजाज इंश्योरेंस कंपनी को भी सूचित किया गया। संगठन के नेताओं का आरोप है कि बीमा कंपनी ने यह कहकर क्लेम देने से मना कर दिया कि गुम या चोरी हुए मोबाइल का क्लेम पॉलिसी में कवर नहीं होता। इस पर किसान संगठन ने हस्तक्षेप करते हुए मामले को उठाया, क्योंकि सुखविंदर पंडाल लंबे समय से संगठन से जुड़े हुए हैं। किसान नेताओं ने चॉइस मोबाइल संचालक दीपक नारंग से संपर्क किया। उन्होंने स्पष्ट किया कि क्लेम की जिम्मेदारी दुकानदार की नहीं है, यह बीमा और फाइनेंस कंपनी का विषय है।

#### अधिकारियों और किसान नेताओं की बैठक में भी नहीं निकला समाधान

शनिवार को इस संबंध में भूना थाने में कंपनी अधिकारियों और किसान नेताओं की बैठक भी हुई, लेकिन कोई समाधान नहीं निकल सका। संगठन ने चेतावनी दी थी कि यदि उपभोक्ता को न्याय नहीं मिला तो 16 फरवरी को बजाज इंश्योरेंस कंपनी के कार्यालय पर धरना दिया जाएगा। उसी को लेकर सोमवार को बजाज इंश्योरेंस कंपनी के खिलाफ धरना देकर रोष प्रदर्शन किया। किसान संगठन ने मांग की है कि कंपनी पॉलिसी शर्तों की पारदर्शी जानकारी सार्वजनिक करें और उपभोक्ता को राहत प्रदान करे। सुखविंदर भंडाल ने कहा कि जब उन्होंने हजारों रुपए देकर मोबाइल का बीमा कराया था तो चोरी होने पर क्लेम क्यों नहीं दिया जा रहा। इंश्योरेंस कंपनी के प्रतिनिधि राकेश कुमार ने कहा कि पॉलिसी की शर्तों के अनुसार चोरी और गुमशुदगी का प्रावधान शामिल नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि कुछ लोग कंपनी पर अनावश्यक दबाव बनाने की कोशिश कर रहे हैं।

# स्वास्थ्य जागरूकता व कौशल पर जोर

### राष्ट्रीय सेवा योजना का सात दिवसीय कैंप सम्पन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरसा

नेशनल कॉलेज ऑफ एजुकेशन में सोमवार को राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय कैंप सम्पन्न हो गया। इस दौरान एनएसएस स्वयंसेवकों ने सामूहिक रूप से योगाभ्यास किया तथा लक्ष्य गीत गाकर दिन की शुरूआत की। शिविर के प्रथम सत्र में सिविल अस्पताल के आईसीटीसी कांउसलर कमल निर्वाण ने स्वयंसेवकों को एडस जागरूकता विषय पर विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि यह बीमारी कैसे फैलती है और किन सावधानियों से इससे बचा जा सकता है। उन्होंने समाज में फैली गलत धारणाओं और भेदभाव को दूर करने की आवश्यकता पर जोर दिया। द्वितीय सत्र में सामाजिक कार्यकर्ता बलविंद्र सिंह ने नशा मुक्ति एवं मानसिक स्वास्थ्य विषय पर महत्वपूर्ण व्याख्यान दिया। उन्होंने बताया कि तनाव, अवसाद और गलत संगति युवाओं को नशे की ओर धकेलते हैं इसलिए समय रहते जागरूक होना और दूसरों को जागरूक करना बहुत आवश्यक है। सभी स्वयंसेवकों को सामूहिक शपथ दिलाई गई कि वे अपने परिवार, मित्रों और समाज में एडस और नशा मुक्ति के प्रति जागरूकता फैलाने का कार्य करेंगे।


**सिरसा।** कॉलेज में आयोजित शिविर में एडस जागरूकता विषय बारे बताते हुए।

### शिविर में 240 मरीजों की जांची आंखें

**सिरसा।** बाबा बिहारी नेत्रालय ट्रस्ट द्वारा श्री गौशाला में नेत्र जांच शिविर लगाया गया। ट्रस्ट के सचिव शेखर महिपाल ने बताया कि शिविर में नेत्र रोग विशेषज्ञा डॉ. नीरू गिजवानी ने अपनी टीम के साथ 240 मरीजों की आखों की जांच की और 12 मरीजों को आप्रेशन के लिए चयन किया गया। जरूरत के अनुसार मरीजों को दवाइयां भी निःशुल्क दी गई। इस मौके पर डॉ. नीरू गिजवानी ने कहा कि आंखों की समय-समय पर देखभाल बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में अधिकतर देखा गया है कि लोग मोबाइल पर अधिक समय बिता रहे हैं, जिसके कारण आंखों पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। खासकर युवा पीढ़ी मोबाइल का अधिक प्रयोग कर रही है, जिसके चलते आंखों संबंधी समस्याएं अधिक बढ़ गई है।

# हर्षोल्लास से मनाई गई रविदास जयंती

हरिभूमि न्यूज ⏭ ओढां

गांव ख्योवाली में संत शिरोमणि रविदास की जयंती धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम के मुख्यातिथि कालांवाली के विधायक शीशपाल केहरवाला ने कहा कि संत शिरोमणि रविदास एक महान समाज सुधारक, कवि और ईश्वर के अनन्य भक्त थे। उन्होंने समानता, सामाजिक समरसता और मानव जाति की एकता का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि उनका एक प्रसिद्ध वाक्य मन चंगा तो कठौती में गंगा, मन की पवित्रता को ही सच्ची भक्ति मानता है। यह कार्यक्रम संत कबीर वृद्धआश्रम के संचालक स्वामी जित्तवानंद महाराज के आशीर्वाद से हर वर्ष मनाया जाता है। भंते करुणासागर ने कहा कि बाल्यकाल से संत रवि हर एक कार्य को लगन और ध्यान से करते थे। पिताजी के कार्यों में हमेशा हाथ बंटाते थे। संत रविदास ने लोगों को ईश्वर को प्राप्त करने के लिए भक्ति मार्ग का चयन करने की सलाह दी। स्वंय भक्ति के मार्ग पर चलकर संत रविदास जी ने ईश्वर और दिव्य ज्ञान की प्राप्ति की। इनकी रचना बेहद प्रमुख हैं। इस मौके पर राजस्थान से भंते हरिकृष्ण विद्यार्थी विशेष रूप से पधारे हुए थे। इस अवसर पर संत रतनदास, संत श्यामानंद, संत परमानंद, लखपत हनुमानगढ़ आदि रहे।

# तनाव प्रबंधन के आयामों पर प्रकाश डाला

### सीडीएलयू में दो दिवसीय ट्रेनिंग प्रोग्राम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज.सिरसा

चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय सिरसा के यूकोप कार्यालय द्वारा गैर-शिक्षक कर्मचारियों के लिए तनाव प्रबंधन एवं टीम समन्वय विषय पर दो दिवसीय ट्रेनिंग प्रोग्राम का शुभारंभ टैगोर लेक्चर थिएटर में हुआ। इस कार्यक्रम का उद्देश्य कर्मचारियों में सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करना, कार्यस्थल पर तनाव को प्रभावी ढंग से प्रबंधित करना तथा संगठनात्मक दक्षता और प्रभावशीलता को बढ़ाना रहा। मुख्य वक्ता गुरुग्राम विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ संजय अरोड़ा ने विषय का परिचय देते हुए तनाव प्रबंधन के विभिन्न आयामों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने अच्छे तनाव और खराब तनाव के बीच अंतर समझाते हुए कहा कि सही दिशा में लिया गया तनाव कार्य निष्पादन को बेहतर बनाता है, जबकि नकारात्मक तनाव उत्पादकता को प्रभावित करता है। उन्होंने टीम के सदस्य के रूप में कार्य करने, अनुशासन बनाए रखने, समन्वय और सहयोग की भावना विकसित करने पर जोर दिया।


**सिरसा।** ट्रेनिंग प्रोग्राम में भाग लेते प्राध्यापक व विद्यार्थी।

### समय पर प्राथमिक सहायता से बचा सकते हैं जान : डॉ. दिव्या गोयल

# पुलिस कर्मियों को दी जीवन रक्षक तकनीकों की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरसा

स्थानीय पुलिस लाइन में सोमवार को पुलिस कर्मचारियों को सर्वेश हेल्थ सिटी अस्पताल हिसार की डॉ. दिव्या गोयल ने संबोधित करते हुए कहा कि सडक़ दुर्घटना या अचानक कार्डियक अरेस्ट (हार्ट फेल)की स्थिति में समय पर मरीज को प्राथमिक सहायता देकर उसकी जान बचाई जा सकती है । डॉक्टर दिव्या गोयल ने बताया कि आपात स्थिति में घबराने के बजाय तुरंत और सही कदम उठाना बेहद आवश्यक होता है। डॉ. दिव्या गोयल ने कहा कि कार्डियक अरेस्ट होने पर हृदय अचानक धडक़ना बंद कर देता है, जिससे शरीर और मस्तिष्क तक रक्त प्रवाह रूक जाता है। यदि तुरंत मरीज को सीपीआर शुरू किया जाए तो मरीज के बचने की संभावना कई गुना बढ़ जाती है। सबसे पहले मरीज की प्रतिक्रिया जांचें। उसके कंधे थपथपाकर पूछें, क्या आप ठीक हैं यदि कोई प्रतिक्रिया न मिले और सांस या धडक़न महसूस न हो तो तुरंत एम्बुलेंस या स्थानीय आपातकालीन नंबर पर कॉल करें। इसके बाद मरीज को किसी सख्त और सपाट जगह पर पीठ के बल लिटाएं और उसके पास घुटनों के बल बैठ जाएं।


**सिरसा।** पुलिस कर्मचारियों को प्रशिक्षण देते हुए।

#### सीपीआर के बारे में बताया

डॉ. गोयल ने बताया कि हार्ट अटैक या दुर्घटना की स्थिति में गोल्डन मिनट्स अत्यंत महत्वपूर्ण होते हैं। उन्होंने बताया कि समय पर दिया गया सीपीआर मस्तिष्क को ऑक्सीजन पहुंचाकर स्थायी क्षति से बचा सकता है। डॉ. दिव्या गोलय ने बताया कि सीपीआर का बुनियादी प्रशिक्षण प्रत्येक व्यक्ति को होना चाहिए ताकि किसी भी प्रकार की हृदय गति रुकने एवं आपात स्थिति में निडर होकर मदद करने के लिए आगे आना चाहिए ताकि किसी किमती जान को बचाया जा सके।



## शिव का स्वरूप सत्मार्ग पर चलने की देता है प्रेरणाः ब्रह्मनिष्ठा भारती

**रानियां।** रानियां के दीप मैरिज पैलेस में आयोजित चार दिवसीय श्री शिव कथा का प्रथम दिवस श्रद्धा एवं भक्ति भाव के साथ संपन्न हुआ। कथा का वाचन दिव्य ज्योति जागृति संस्थान की साध्वी ब्रह्मनिष्ठा भारती ने किया। कथा के पहले दिन श्रद्धालुओं की काफी मौजूदगी थी। साध्वी भारती ने शिव महिमा का वर्णन करते हुए बताया कि भगवान शिव का प्रत्येक स्वरूप मानव जीवन को सही मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि शिव भक्ति से जीवन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है और मन को शांति प्राप्त होती है। उन्होंने अपने प्रवचन में यह भी कहा कि गुरु के सान्निध्य में रहकर ही आत्मिक जागृति संभव है और भगवान शिव का तत्वज्ञान जीवन को नई दिशा प्रदान करता है। आयोजन समिति ने क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर शिवकथा का लाभ लेने का आह्वान किया।

# स्व. शिवलाल सिंगला को दी श्रद्धांजलि

### सिंगल का जीवन सादगी, सेवा और सामाजिक सद्भाव का प्रतीक

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरसा

ओडिशा के पूर्व राज्यपाल प्रो. गणेशी लाल के छोटे भाई स्व. शिवलाल सिंगल के निधन पर गणमान्य लोगों ने श्रद्धासुमन अर्पित किए। सांसद कुमारी शैलजा, जेजेपी अध्यक्ष अजय सिंह चौटाला, कालांवाली विधायक शीशपाल केहरवाला, पूर्व विधायक मक्खन लाल सिंगला, पूर्व मंत्री अतर सिंह सैनी, वीरभान मेहता, मार्केट कमेटी के अध्यक्ष सतीश जग्गा, हरविंदर दहिया, वरिष्ठ भाजपा नेता सागर केहरवाला, कांग्रेस नेता नवीन केडिया, राजकुमार शर्मा, गुरराज खट्टर सहित विभिन्न शिक्षण स्थानों के अनेक गणमान्य लोगों ने श्रद्धासुमन अर्पित किए। सभी ने स्व. शिवलाल सिंगल के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी और उनके परिवार के प्रति गहरी संवेदनाएं प्रकट की। वक्ताओं ने कहा कि स्व. शिवलाल सिंगल का जीवन सादगी, सेवा और सामाजिक सद्भाव का प्रतीक रहा। वे हमेशा समाज के लोगों से जुड़े रहे और अपने व्यवहार से सभी के प्रिय बने रहे।


**सिरसा।** स्व. शिवलाल सिंगल के निधन पर गणमान्य लोग शोक व्यक्त करते हुए।

# महिला सशक्तीकरण से ही राष्ट्र की प्रगति संभवः नीलम

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोडिया खेड़ा

राजकीय महिला महाविद्यालय भोडिया खेड़ा में सोमवार को महिला सशक्तीकरण विषय पर प्रेरक व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कार्यकारी प्राचार्या डॉ. लखबीर कौर ने की, जबकि आयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना इकाइयों और महिला प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में हुआ।मुख्य वक्ता सब-इंस्पेक्टर नीलम ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि आत्मनिर्भर और शिक्षित महिलाएं ही समाज और राष्ट्र की मजबूती का आधार हैं। उन्होंने महिलाओं के सामने आने वाली चुनौतियों और सफलता की प्रेरक कहानियों का उल्लेख करते हुए कौशल विकास और आत्मविश्वास पर बल दिया।इस अवसर पर सब-इंस्पेक्टर तेलूराम तथा अंजू बिश्नोई ने भी छात्राओं को जागरूकता और शिक्षा के महत्व से अवगत कराया। कार्यक्रम में प्राध्यापकगण व महिला प्रकोष्ठ की सदस्याएं उपस्थित रहीं। छात्राओं ने व्याख्यान को उपयोगी बताते हुए उत्साहपूर्वक भाग लिया। अंत में आयोजकों ने मुख्य वक्ता का आभार जताते हुए छात्राओं से सामाजिक जागरूकता गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी का आह्वान किया।

# विद्यार्थियों ने सामाजिक मुद्दों पर की चर्चा

### राज्य स्तरीय युवा ग्राम पंचायत प्रतियोगिता आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ चोपटा

गांव गुडियाखेड़ा स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में सोमवार को राज्य स्तरीय युवा ग्राम पंचायत प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में कक्षा 9वीं और 11वीं के लगभग 50 विद्यार्थियों ने भाग लिया। युवा ग्राम पंचायत कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों ने जमीन स्तर पर लोकतंत्र का अनुभव करने वाली ग्राम पंचायत की कार्यप्रणाली एवं प्रक्रिया को प्रभावशाली तरीके से प्रस्तुत किया गांव से संबंधित प्रमुख समस्याएं जैसे स्वच्छता, नशा, शिक्षा, एवं स्वास्थ्य, साइबर क्राइम आदि महत्वपूर्ण सामाजिक मुद्दों को उठाया गया व सभी प्रस्तावों पर ग्राम सभा में विचार विमर्श कर आम सहमति से निर्णय लिए गए इस प्रतियोगिता की तैयारी इतिहास प्रवक्ता संतलाल ढुकड़ा, प्रवक्ता रूपेश कुमार के मार्गदर्शन में की गई। निर्णायक मंडल में कर्मवीर सिंह प्राचार्य झज्जर, राजेंद्र सिंह प्राचार्य झज्जर, ओमप्रकाश प्रवक्ता झज्जर व पर्यवेक्षक के तौर पर डॉ. जितेंद्र देशवाल डाइट झज्जर इस प्रतियोगिता का अवलोकन करने पहुंचे। प्राचार्य उमेद सिंह ढाका ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया।


**सिरसा।** गुडियाखेड़ा स्कूल में आयोजित राज्य स्तरीय युवा ग्राम पंचायत के विजेताओं को सम्मानित करते।

### उपायुक्त ने राजकीय कॉलेज में तीसरे वार्षिक एथलेटिक मीट का किया शुभारंभ

# युवाओं में खेल भावना विकसित करना जरूरी : भारती

हरिभूमि न्यूज ⏭ फतेहाबाद

राजकीय महाविद्यालय, फतेहाबाद में आयोजित तीसरे वार्षिक एथलेटिक मीट का शुभारंभ उपायुक्त डॉ. विवेक भारती ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत कर किया। इस अवसर पर उन्होंने खिलाडिय़ों की परेड की सलामी ली तथा प्रतियोगिताओं का विधिवत उद्घाटन किया। उपायुक्त डॉ. विवेक भारती ने कहा कि खेल गतिविधियां विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। खेल न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाते हैं बल्कि अनुशासन, आत्मविश्वास, टीम भावना और नेतृत्व क्षमता का भी विकास करते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ खेलों में भी सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में राजकीय महाविद्यालय हिसार के प्राचार्य डॉ. विवेक सैनी तथा विशेष अतिथि के रूप में जिला उच्चतर शिक्षा अधिकारी डॉ. सज्जन कुमार उपस्थित रहे।


**फतेहाबाद।** विजेता खिलाडिय़ों को सम्मानित करते हुए उपायुक्त डॉ. विवेक भारती।

#### विभिन्न प्रतियोगिताओं का किया आयोजन

एथलेटिक मीट के दौरान विभिन्न ट्रैक एवं फील्ड प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिनमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। एथलेटिक मीट के दौरान 100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर दौड़, लंबी कूद, ऊंची कूद, गोला फेंक तथा रिले रेस जैसी विभिन्न ट्रैक एवं फील्ड प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने उत्साह, अनुशासन और खेल भावना के साथ भाग लेते हुए अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। दर्शकों ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए पूरे मैदान में जोशपूर्ण वातावरण बनाए रखा। इसके अतिरिक्त गुरुकुल मताना व राजकीय विद्यालय मताना के विद्यार्थियों ने विभिन्न योग खेल गतिविधियों की प्रस्तुति दी। वहीं मार्च-पास्ट, पीटी प्रदर्शन तथा फिटनेस आधारित गतिविधियों ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। प्रतियोगिताओं के दौरान निर्णायकों ने निष्पक्षता और पारदर्शिता के साथ परिणाम घोषित किए। विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया तथा उन्हें भविष्य में उच्च स्तर की प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए प्रेरित किया गया।

## खबर संक्षेप

### हेरोइन तस्करी मामले में सप्लायर को दबोचा

**फतेहाबाद।** रतिया पुलिस ने हेरोइन तस्करी मामले में कार्रवाई करते हुए मुख्य सप्लायर को काबू किया है। थाना शहर रतिया प्रभारी निरिक्षक पुष्पा सिहाग ने बताया कि 22 जनवरी को एंटी नारकोटिक सेल के एसआई शिशपाल सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम टोहाना रोड, रतिया बाईपास पर गश्त पर थी। इस दौरान संदिग्ध अवस्था में घूम रहे एक युवक, जिसकी पहचान अमन उर्फ सेठी निवासी राजीव नगर, हिसार के रूप में हुई, को काबू किया गया था। तलाशी लेने पर आरोपी के कब्जे से 6.68 ग्राम हेरोइन बरामद हुई थी। इस संबंध में थाना शहर रतिया में एनडीपीएस के तहत मामला दर्ज किया गया था। अब इसी मामले में जांच के दौरान नशा सप्लाई करने वाले मुख्य आरोपी की पहचान हुई।

### छात्रवृत्ति के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 28 फरवरी

**फतेहाबाद।** जिला कल्याण अधिकारी विनोद चावला ने बताया कि कॉलेज व अन्य शैक्षणिक संस्थानों में अध्ययनरत विद्यार्थियों के लिए सरकार द्वारा छात्रवृति प्राप्त करने हेतु पोस्ट मैट्रिक योजना के तहत आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। छात्रवृति हेतु आवेदन करने की अंतिम तिथि 28 फरवरी निर्धारित की गई है। इस योजना का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा प्राप्त करने में सहायता प्रदान करना है। पात्रता एवं शर्तों की जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि विद्यार्थी किसी मान्यता प्राप्त कॉलेज या संस्थान में अध्ययनरत हो तथा विद्यार्थी के परिवार की वार्षिक आय 2.5 लाख रुपये से कम हो।

### महाशिवरात्रि पर्व पर बेलपत्र के पौधे बांटे

**ओढां।** पर्यावरण सुधार समिति, पन्नीवाला मोटा द्वारा महाशिवरात्रि के पर्व पर महिलाओं व गांववासियों को शमी और बेलपत्र के पौधे बाटें गए। इस अवसर पर महिला भजन मंडली द्वारा पौधारोपण भी किया गया। पर्यावरण सुधार समिति के प्रधान मास्टर राजेंद्र सिंह ने कहा कि बेलपत्र और शमी का संयोजन भगवान शिव को अत्यंत प्रिय है, जहां पर एक शमी पत्र को 108 बेलपत्रों के बराबर फलदायी माना जाता है। शिवालय में इन दोनों को एक साथ चढ़ाने से असाध्य रोग, वास्तु दोष और दरिद्रता दूर होती है। यह संयोजन धन, सुख-शांति और मानसिक शक्ति प्रदान करता है।

### खेल नर्सरी के लिए अब 22 तक करें आवेदन

**सिरसा।** खेल विभाग द्वारा खेलों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से खेल नर्सरी योजना 2026-2027 के तहत आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। सरकारी स्कूल, ग्राम पंचायत व निजी शिक्षण संस्थानों में खेल नर्सरी स्थापित करने के लिए 15 फरवरी तक आवेदन आमंत्रित किए गए थे, अब तारीख को आगे बढ़ाते हुए 22 फरवरी तक आवेदन मांगे गए हैं। जिला खेल अधिकारी जगदीप सिंह ने बताया कि खेल नर्सरी के लिए केवल ओलम्पिक, एशियन व कॉमनवेल्थ खेलों में सम्मिलित चुनिंदा खेलों के लिए नर्सरियां खोली जाएंगी। सभी पात्र, विभाग द्वारा निर्धारित मापदंडों के अनुरूप संबधित वेबसाइट पर समय रहते अपना आवेदन करना सुनिश्चित करें ताकि खेल नर्सरी आबंटन के लिए प्रक्रिया पूरी की जा सके।

**प्रदर्शनकारी बोले : अस्थाई रास्ता नहीं मिलने तक इस मार्ग को नहीं होने देंगे बंद**

# जाखल में रेलवे ओवर ब्रिज को ऊंचा करने पहुंची रेलवे की टीम तो लोगों ने किया विरोध

- रेलवे की माने तो लुधियाना रूट पर चलने वाली माल गाडियों के ट्रेक के ऊपर ट्रेक रखकर आगे जाएंगे जिसके लिए इस पुल को ऊंचा उठाने का काम किया जाना है


**जाखल।** रास्ता बंद करने के लिए लगाए गए बेरिकेड्स हटाते लोग। *फोटो : हरिभूमि*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जाखल

जाखल को कुलां व जिला मुख्यालय से जोडने़ वाले रोड पर बने रेलवे ओवरब्रिज को ऊंचा करने के लिए सोमवार को पहुंची टीम को लोगों के जबरदस्त विरोध का सामना करना पड़ा। दरअसल जाखल को जिला मुख्यालय को जोडने़ वाला इस मार्ग को बंद कर रेलवे द्वारा आरओबी को ऊंचा उठाया जाना है। रेलवे प्रशासन की ओर से सोमावर सुबह जेसीबी मशीनों के साथ टीम ने काम करना शुरू कर दिया था। जैसे ही शहरवासियों को इसकी भनक लगी तो आसपास के गांव सहित शहरवासी ओवरब्रिज पर एकत्रित होना शुरू हो गए। देखते ही देखते इसका विरोध बढ़ता गया। लोगों का कहना है कि अगर इस मार्ग को बंद किया जाता है तो जिला मुख्यालय से एक संपर्क कट जाएगा, जिससे बसों में यात्रा करने वाले व बड़े वाहनों को इसकी बड़ी दिक्कत आएगी। जिससे सबसे ज्यादा नुकसान व्यपारी वर्ग को होगा। जैसे ही प्रशासन द्वारा इस मार्ग को जाखल गांव की तरफ से बंद किया जाने लगा तो लोगो ने प्रशासन द्वारा लगाई गई ब्रेगेटिंग को उखाड़ कर सडक़ किनारे लगा दिया और प्रदर्शन शुरू कर दिया। मामला गर्माता देख प्रशासन भी वहां पहुंच गया।

बता दें कि यही एक रेलवे ओवरब्रिज है जो जाखल शहर को जिला मुख्यालय के साथ-साथ हरियाणा और पंजाब को आपस में जोड़ता है तथा यहां से सैकड़ों की संख्या में प्रतिदिन वाहन आवागमन करते हैं। रेलवे के अनुसार इस रूट से रेलवे डबल ट्रेक की मालगाडिय़ां को निकालेगा, जिससे इस पुल को ऊंचा किया जाना है। ऐसे में सोमवार को पुल को टीम पुल को ऊंचा करने के लिए काम शुरू करने पहुंची थी।

रेलवे की माने तो लुधियाना रूट पर चलने वाली माल गाडिय़ों के ट्रेक के ऊपर ट्रेक रखकर आगे जाएंगे जिसके लिए इस पुल को ऊंचा उठाने का काम किया जाना है। ऐसे में रेलवे द्वारा इस कार्य को लेकर शनिवार को इसका काम शुरू करना चाहा था कि इसका विरोध शुरू हो गया। हालांकि धरना प्रदर्शन कर रहे लोगो ने आने जाने के लिए अस्थायी रास्ते की ही मांग की है।

**आसपास के ग्रामीणों ने सडक़ पर डाला डेरा, बन्द नहीं होने दिया मार्ग**

*सोमवार को रास्ता बंद करने की सूचना आसपास के लोगो को लगी तो शहरवासियों के साथ जाखल ब्लॉक के काफी संख्या में किसान जाखल रेलवे ओवरब्रिज पर इकठा होना शुरू हो गए और इसका विरोध जताना शुरू कर दिया। ग्रामीणों ने कहा कि जब तक इस मामले में प्रशासन आकर कोई बातचीत नही करता और हमे कोई विकल्प रास्ता निकाल कर नही देता तब तक यह विरोध प्रदर्शन जारी रहेगा। ऐसे में प्रदर्शन कर रहे लोगो के बीच पहुंचे प्रशासन ने आश्वासन दिया कि जल्द ही इसमे कोई बीच का रास्ता निकाला जाएगा।*

**पहले भी हो चुका है विरोध**

*गौरतलब है कि इसी समस्या को लेकर पहले भी विरोध जताया जा चुका है। उस समय भी प्रशासन द्वारा एक अस्थायी रास्ता देने के बाद ही इस मार्ग को बंद करने का निर्णय लिया गया था। जिसके बाद ग्रामीणों द्वारा धरने को सम्पात किया गया था, ऐसे में अब फिर से विरोध जताया जा रहा है।*

**क्या कहते हैं लोक निर्माण विभाग के अधिकारी**

रुट को डायवर्ट करने की अनुमति जिला प्रशासन की ओर से दी गई है। छोटे वाहनों के लिए गांवों के बीच से रास्ता है तथा बड़े वाहनों के लिए मुनक से टोहाना होते कुलां के रास्ते फ़तेहाबाद जाना होगा।

**-विजय शर्मा,** एसडीओ लोक निर्माण विभाग टोहाना

**क्या कहते हैं एसडीएम**

इस मामले में एक जल्द ही बैठक की जाएगी, जिसमें रेलवे व लोक निर्माण विभाग के अधिकारी मौजूद होंगे। जिसके बाद आगामी फैंसला लिया जाएगा।

**-आकाश शर्मा,** एसडीएम टोहाना



**फतेहाबाद।** कृषि दर्शन एक्सपो का शैक्षणिक भ्रमण करते हुए जेएनवी, खारा खेड़ी के विद्यार्थी। *फोटो : हरिभूमि*

## जेएनवी, खारा खेड़ी के विद्यार्थियों ने किया कृषि दर्शन एक्सपो का भ्रमण

- दल में कुल 79 विद्यार्थी शामिल रहे, जिन्होंने कृषि विज्ञान के विभिन्न पहलुओं को करीब से जाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

विद्यार्थियों को आधुनिक कृषि तकनीकों और नवाचारों से रूबरू कराने के उद्देश्य से पीएम श्री स्कूल जेएनवी, खारा खेड़ी के कक्षा 7वीं के विद्यार्थियों ने हिसार स्थित उत्तरी क्षेत्र कृषि मशीनरी प्रशिक्षण एवं परीक्षण संस्थान में आयोजित प्रसिद्ध कृषि दर्शन एक्सपो का शैक्षणिक भ्रमण किया। इस दल में कुल 79 विद्यार्थी शामिल रहे, जिन्होंने कृषि विज्ञान के विभिन्न पहलुओं को करीब से जाना।

भ्रमण पर रवाना होने से पहले विद्यालय के प्राचार्य अनूप सिंह ने बस को झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने कहा कि कृषि प्रधान देश होने के नाते हमारे विद्यार्थियों को खेती में हो रहे तकनीकी बदलावों का ज्ञान होना अनिवार्य है। इस तरह के मेलों और एक्सपो के माध्यम से छात्र किताबी ज्ञान को धरातल पर देख पाते हैं और नई मशीनों व वैज्ञानिक पद्धतियों के प्रति उनमें रुचि जागृत होती है। उन्होंने कहा कि कृषि दर्शन एक्सपो हमें खेती की नई तकनीकों से अपडेट रहने का अवसर प्रदान करता है। हिसार पहुंचने पर विद्यार्थियों ने एक्सपो में प्रदर्शित विभिन्न प्रकार के आधुनिक कृषि उपकरणों जैसे सेल्फ-प्रोपेल्ड कंबाइन हार्वेस्टर, ड्रोन तकनीक, सौर ऊर्जा चालित पंप और सूक्ष्म सिंचाई प्रणालियों का अवलोकन किया। विद्यार्थियों ने यह जानने में गहरी रुचि दिखाई कि किस प्रकार आधुनिक मशीनरी के उपयोग से कम लागत में अधिक पैदावार प्राप्त की जा सकती है। संस्थान के विशेषज्ञों ने बच्चों को बताया कि किस प्रकार भारत सरकार कृषि क्षेत्र को स्मार्ट बनाने की दिशा में काम कर रही है। विद्यार्थियों ने वहां मौजूद कृषि वैज्ञानिकों से मिट्टी के स्वास्थ्य और उन्नत बीजों के बारे में भी सवाल पूछे। विद्यार्थियों के दल के साथ मुकेश, संदीप शर्मा, प्रवीण यादव और सनोद आदि मौजूद रहे।

# साहित्य समाज को सही रास्ता दिखाता है : कादयान

**टोहाना में साहित्यिक समारोह का आयोजन, पुस्तकों का किया लोकार्पण**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| टोहाना

हरियाणा प्रादेशिक हिन्दी साहित्य सम्मेलन व पंजाबी साहित्य सभा के बैनर तले साहित्यिक समारोह हुआ। यह समारोह दो सत्र में संपन्न हुआ। प्रथम सत्र की अध्यक्षता हरियाणा प्रादेशिक हिन्दी साहित्य सम्मेलन के संरक्षक बलवंत सिंह मान ने की जबकि इस सत्र के मुख्य अतिथि वरिष्ठ साहित्यकार डॉ ओमप्रकाश कादयान रहे। हरियाणवी लोकगीतों की रचयिता सुशीला जांगड़ा और जयभगवान सैनी ने बतौर विशिष्ट अतिथि शिरकत की। लेखक, समीक्षक व अनुवादक पवन गहलोत की उपस्थिति भी विशेष रही। मंच संचालन बरवाला से आए शिक्षाविद सूबे सिंह सुबोध ने किया।

प्रथम सत्र में वरिष्ठ साहित्यकार विनोद सिल्ला की हिन्दी कविताओं का हरियाणवी अनुवाद 'तेरी हॉस्सी मैं' का लोकार्पण हुआ, जिसका अनुवाद रोहतक के पवन गहलोत ने किया। मुख्य अतिथि डॉ ओमप्रकाश कादयान ने अपने संबोधन में इस संग्रह की कविताओं को गांव, खेत-खलिहान, ग्रामीण आंचल, प्रकृति व जमीन से जुड़ी कविताएं बताया, समाज की कुरीतियों, विकृतियों पर प्रखर प्रहार बताया। उन्होंने कहा कि वर्तमान में हरियाणा साहित्य अकादमी व हरियाणा सरकार हरियाणवी को भाषा का दर्जा दिलाने में अत्यधिक गंभीरता से प्रयासरत है। ऐसे आयोजन होते रहने चाहिए, जिनसे हरियाणवी साहित्य, हरियाणवी संस्कृति और अधिक समृद्ध होगी। डॉ कादयान ने कहा कि साहित्य सदा से समाज का मार्ग प्रशस्त करता रहा है। आज के स्वार्थ भरे माहौल में बेहतरीन साहित्य ही समाज को सही रास्ता दिखा सकता है,इसलिए साहित्यकारों का दायित्व बनता है कि भटके हुए समाज को वे प्रभावशाली व अच्छे साहित्य से समाज व देश में बेहतरीन बदलाव लाने का प्रयास करें। डॉ कादयान ने साहित्यकार विनोद सिल्ला, बलवंत मान व पवन गहलोत को शुभकामनाएं दी।


**टोहाना।** डॉ. ओमप्रकाश कादयान को सम्मानित करते हुए सभा सदस्य।

**दूसरे सत्र के अध्यक्ष ओमप्रकाश लांम्यान**

दूसरे सत्र की अध्यक्षता शिक्षाविद् ओमप्रकाश लांग्यान ने की। इस सत्र में बतौर मुख्य अतिथि प्रगतिशील लेखक संघ के जिला अध्यक्ष डॉ अमनदीप सिंह अयालकी ने शिरकत की जबकि विशिष्ट अतिथि डॉ नैब सिंह मंडेर व इकबाल सिंह हमजापुर रहे। इस सत्र में वरिष्ठ साहित्यकार बलवंत सिंह मान के पंजाबी नावल 'तैं की दर्द ना आया' का लोकार्पण हुआ। इस अवसर पर उमेद सिंह सिल्ला, सरदानंद राजली, डॉ सुरेश पंचारिया, भगवंत सिंह सेठी, कुलविंदर पद्म, कुलदीप सिंहमार, प्रदीप कुमार, सुमन लता, हरनूर, जोरा सिंह लाम्बा, नरेश खोखर, पी वी सिंह, सरपंच अनिल निंबराण ने भी स्वरचित कविताएं सुनाई।

# सीएमजीजीए ने किया शहर में कई स्थानों का निरीक्षण

**लाभार्थियों की स्थिति का लिया जायजा**

**फतेहाबाद।** मुख्यमंत्री सुशासन सहयोगी विनय यादव ने सोमवार को फतेहाबाद शहर के अशोक नगर स्थित वार्ड 5 व वार्ड 9 का निरीक्षण कर केंद्र व राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा की। सीएमजीजीए ने स्थानीय नागरिकों, लाभार्थियों तथा अधिकारियों से बातचीत कर योजनाओं के लाभ व जमीनी स्थिति का आकलन किया। सीएमजीजीए विनय यादव ने प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों के सत्यापन में वार्ड कमेटियों की सक्रिय भागीदारी बढ़ाने पर जोर देते हुए कहा कि इससे पात्र व्यक्तियों तक योजना का लाभ अधिक पारदर्शी और समावेशी तरीके से पहुंच सकेगा। स्थानीय स्तर पर सामुदायिक भागीदारी से गलत चयन की संभावना भी नहीं रहेगी। सीएमजीजीए विनय यादव ने क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के निर्देशानुसार गुणवत्तापूर्ण निर्माण कार्य समयबद्ध तरीके से पूरा होना चाहिए। योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन ही सुशासन की पहचान है और जिला प्रशासन नागरिकों की आवश्यकताओं के अनुरूप कार्य सुनिश्चित कर रहा हैं। इस दौरान आयोजित फोकस ग्रुप चर्चा में विभिन्न प्रतिनिधियों ने योजनाओं के लाभ वितरण में अधिक पारदर्शिता व पात्रता मानकों को और अधिक न्यायसंगत बनाने की आवश्यकता पर सुझाव दिए।


**फतेहाबाद।** शहर में विभिन्न स्थानों का निरीक्षण कर नागरिकों से बातचीत करते हुए सीएमजीजीए विनय यादव।

### भाजपाइयों ने मनाया भारतीय क्रिकेट टीम ने जीत का जश्न, खिलाड़ियों को दी क्रिकेट किट

**फतेहाबाद।** भारत और पाकिस्तान के बीच रविवार को खेले गए हाई-वोल्टेज क्रिकेट मुकाबले में भारतीय टीम की शानदार जीत पर सोमवार को फतेहाबाद में बीजेपी जिला कार्यालय में खुशी का माहौल देखने को मिला। जिलाध्यक्ष एडवोकेट प्रवीण जोड़ा के नेतृत्व में पार्टी कार्यकर्ताओं ने लड्डू बांटकर जीत का जश्न मनाया। प्रवीण जोड़ा ने कहा कि भारत-पाकिस्तान के बीच होने वाला क्रिकेट मुकाबला केवल एक खेल नहीं बल्कि करोड़ों देशवासियों की भावनाओं से जुड़ा होता है। भारतीय टीम ने पूरे मैच के दौरान अनुशासन, संयम और बेहतरीन रणनीति का परिचय देते हुए पाकिस्तान पर दबदबा बनाए रखा।इस दौरान कार्यकर्ताओं ने भारतीय टीम की जीत को ऐतिहासिक बताते हुए भारत माता के जयकारों के साथ खुशी का इजहार किया। इस मौके पर अशोक जाखड़, कंवल चौधरी, निर्मल धालीवाल, मंजीत शर्मा, रामचंद्र रेलहन, भूप सिगर, हंसराज सचदेवा, विजय जांगड़ा, रमन सरोहा, विक्रम शर्मा, सुरेंद्र बिश्नोई के अलावा शहीद भगत सिंह क्लब ढाणी ईस्सर से हरपाल बराला, सूरज ढाका, देवेन्द्र ठाका, गगन गोयल, आजाद खिचड़, पारस खिचड़, राहुल कुमार मौजूद रहे।


**फतेहाबाद।** भारतीय टीम की जीत पर लड्डू बांटते भाजपाई।

## विराट श्री जम्भवाणी हरिकथा ज्ञानयज्ञ में सांसद सुभाष बराला ने लिया आशीर्वाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| टोहाना

राज्यसभा सांसद सुभाष बराला ने गांव पारता में आयोजित विराट श्री जम्भवाणी हरिकथा ज्ञानयज्ञ के पावन अवसर पर शिरकत की और श्रद्धालुजनों के साथ भक्ति, ज्ञान एवं सत्संग के दिव्य वातावरण का अनुभव किया। बराला ने उपस्थित संत-महात्माओं का आशीर्वाद प्राप्त किया और कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजन समाज को नैतिक मूल्यों, संस्कारों और आध्यात्मिक चेतना से जोडऩे का सशक्त माध्यम होते हैं। कार्यक्रम के दौरान कथा-वाचन, भजन-कीर्तन और सत्संग के माध्यम से श्रद्धालुओं को धर्म, सेवा, सद्भाव और मानवता का संदेश दिया गया। सांसद ने कहा कि श्री जम्भवाणी के उपदेश आज भी समाज को सत्य, अहिंसा, प्रकृति संरक्षण और लोक कल्याण के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देते हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में जब सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक मूल्यों को सुदृढ़ करने की आवश्यकता है, तब ऐसे ज्ञानयज्ञ समाज को एकजुट रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। बराला ने कहा कि धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम हमारी समृद्ध परंपराओं को सशक्त करते हैं तथा नई पीढ़ी को अपने गौरवशाली इतिहास और आध्यात्मिक धरोहर से परिचित कराते हैं। उन्होंने आयोजन समिति के सदस्यों की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के भव्य आयोजन सामाजिक एकता और भाईचारे को मजबूत करने का कार्य करते हैं।


**टोहाना।** पारता में आयोजित कार्यक्रम में भाग लेते सुभाष बराला।

### पुलिस लाइन में पुलिस परेड, एसपी ने निरीक्षण कर जनसेवा को सर्वोच्च प्राथमिकता बताया



**फतेहाबाद।** पुलिस लाइन में सोमवार को साप्ताहिक पुलिस परेड का आयोजन किया गया। फील्ड-रेडी पुलिसिंग की झलक बनकर सामने आई परेड में पुलिस कर्मचारियों ने संदेश दिया कि जिला पुलिस हर परिस्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार है। परेड का निरीक्षण पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन द्वारा किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने जवानों की शारीरिक फिटनेस, वर्दी अनुशासन, टैक्टिकल मूवमेंट और टीमवर्क का सूक्ष्म मूल्यांकन करते हुए संतोष व्यक्त किया। परेड के दौरान विभिन्न टुकडिय़ों द्वारा आपातकालीन प्रतिक्रिया की मॉक ड्रिल भी प्रदर्शित की गई, जिसमें जवानों की त्वरित प्रतिक्रिया, समन्वित कमांड और सामूहिक कार्यशैली ने प्रभाव छोड़ा। निरीक्षण उपरांत एसपी ने कहा कि आधुनिक पुलिसिंग केवल शारीरिक मजबूती तक सीमित नहीं है, बल्कि मानसिक संतुलन, सकारात्मक दृष्टिकोण और मानवीय संवेदनशीलता भी उतनी ही महत्वपूर्ण है। उन्होंने स्पष्ट किया कि हर पुलिसकर्मी का व्यवहार ही पुलिस की छवि तय करता है। संयम, सेवा-भाव और जवाबदेही हमारी पहचान होनी चाहिए। परेड के पश्चात पुलिस अधीक्षक ने ईआरवी, पीसीआर और राइडर यूनिट्स की तैयारियों का गहन निरीक्षण किया। एसपी ने जवानों की व्यक्तिगत एवं विभागीय समस्याएं सुनकर समाधान के निर्देश दिए। पुलिस लाइन में 'ओपन इंटरैक्शन सेशन' के माध्यम से जवानों को अपने सुझाव साझा करने का अवसर भी दिया गया, जिससे नेतृत्व और बल के बीच संवाद को और मजबूत किया जा सके। पुलिस अधीक्षक ने जवानों को नियमित व्यायाम, संतुलित आहार और नशे से पूर्ण दूरी बनाए रखने का संदेश दिया। इस अवसर पर डीएसपी हेडक्वार्टर कुलवंत सिंह सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### पंच परिवर्तन को उतारें अपनी जीवन शैली में: सतीश



**सिरसा।** केशव पार्क समिति द्वारा हिंदु सम्मेलन का आयोजन किया। मुख्य वक्ता हिसार विभाग के सहकार्यवाह सतीश सुमेन ने पंच परिवर्तन विषय पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि हम पंच परिवर्तन के मूल बिंदुओं को अपनी जीवन शैली में बड़ी आसानी से उतार सकते हैं। बीके सुमन ने बच्चों को मोबाइल के सही प्रयोग करने की जानकारी दी। आईसीआईसी बैंक से पधारे कर्मवीर ने देशभक्ति से ओतप्रोत अनेक भजनों की शानदार प्रस्तुतियां दी, कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण बिंदु सेल्फी प्वाइंट रहा। प्रचार-प्रसार प्रमुख एडवोकेट मोहनलाल अरोड़ा व सेवानिवृत्त प्रो. रामप्रसाद गोस्वामी का भी सराहनीय योगदान रहा। इस अवसर पर बाबा सरसाईनाथ मंदिर के महंत सुंदराईनाथ व ब्रह्माकुमारीज ईश्वरीय विश्वविद्यालय की बीके सुमन, भाजपा जिलाध्यक्ष यतींद्र सिंह एडवोकेट, सनप्रीत सिंह सोढ़ी, सांवरमल गुर्जर सहित अन्य गणमान्य मौजूद थे।

### जाट सेवा संघ की मेहूवाला गोशाला में हुई बैठक



**फतेहाबाद।** जाट सेवा संघ जिला फतेहाबाद की महत्वपूर्ण बैठक आज गांव मेहूवाला स्थित श्री कृष्ण प्रणामी गौशाला में हुई। बैठक की अध्यक्षता गऊशाला प्रधान पृथ्वी सिंह ने की। बैठक में जाट सेवा संघ चौधरी छोटूराम धाम, जसिया द्वारा आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रमों की तैयारियों को लेकर चर्चा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए जाट सेवा संघ के प्रधान रोशन लाल कड़वासरा ने कहा कि जल्द ही भट्टू, भूना, रतिया और फतेहाबाद सभी ब्लाकों से समाज के गणमान्य लोगों के साथ विचार विमर्श करके कार्यकारिणी का गठन किया जाएगा।

**कैबिनेट मंत्री ने महात्मा बुद्ध इंटरनेशनल स्कूल के वार्षिक समारोह में की शिरकत**

# विद्यार्थियों को नैतिक मूल्यों और अनुशासन से जोड़ें : कृष्ण बेदी

- व्यक्ति किसी भी क्षेत्र में सफलता प्राप्त कर सकता है, परंतु संस्कारवान बनना जरूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| टोहाना

महात्मा बुद्ध इंटरनेशनल स्कूल में प्रथम वार्षिक समारोह 'प्रज्ञा उत्सव' का आयोजन किया गया। इस अवसर पर हरियाणा सरकार के कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। कार्यक्रम के दौरान कैबिनेट मंत्री ने विद्यालय परिसर का अवलोकन किया और कक्षाओं में स्थापित डिजिटल बोर्ड, आधुनिक शैक्षणिक संसाधनों, खेल सुविधाओं तथा सह-शैक्षणिक गतिविधियों के लिए किए गए उत्कृष्ट प्रबंधों की सराहना की। कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी ने कहा कि स्थापना के प्रथम वर्ष में ही इस प्रकार की उपलब्धियां प्राप्त करना विद्यालय प्रबंधन की दूरदर्शिता और समर्पण का प्रमाण है। उन्होंने विशेष रूप से एआई आधारित शिक्षण प्रणाली, डिजिटल बोर्ड एवं आधुनिक शिक्षण पद्धतियों की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह व्यवस्था विद्यार्थियों को वैश्विक स्तर की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने में सहायक सिद्ध होगी।



**टोहाना।** कार्यक्रम को संबोधित करते कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी। *फोटो : हरिभूमि*

उन्होंने कहा कि व्यक्ति किसी भी क्षेत्र में सफलता प्राप्त कर सकता है, परंतु संस्कारवान बनना सबसे अधिक आवश्यक है। संस्कार माता-पिता और विद्यालय—दोनों से मिलते हैं। आज के दौर में मोबाइल और इंटरनेट की बढ़ती व्यस्तताओं के कारण कई बार बच्चों को पर्याप्त मार्गदर्शन नहीं मिल पाता, ऐसे में शिक्षकों की जिम्मेदारी और अधिक बढ़ जाती है। शिक्षक न केवल ज्ञान प्रदान करें, बल्कि विद्यार्थियों को नैतिक मूल्यों और अनुशासन से भी जोड़ें, ताकि वे भविष्य में जिम्मेदार एवं जागरूक नागरिक बन सकें। विद्यालय के चेयरमैन कुलदीप नैन ने कहा कि महात्मा बुद्ध इंटरनेशनल स्कूल केवल एक शिक्षण संस्थान नहीं, बल्कि शिक्षा का एक सकारात्मक आंदोलन है, जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों को ज्ञान के साथ-साथ संस्कार, आत्मविश्वास और जीवन मूल्यों से समृद्ध बनाना है।

**ये रहे उपस्थित**

इस अवसर पर कुलदीप नैन, बलवान सिंह चौहान, बलकार बेनीवाल, राजीव, दीपक, जगतार सिंह संधू, टोहाना रत्न डॉ. शिव सचदेवा, नप चेयरमैन नरेश बंसल, बलदेव सैनी, सेवानिवृत्त डीईओ दयानंद सिहाग, बीईओ जगदीश शेवड़ा, सेवानिवृत्त बीईओ रघुवीर नैन, प्रधानाचार्य सुनील बंसल सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे।